बापू की बातें



मेरे असहयोग का मूल घृणा में नहीं, प्रेम में है। मेरे व्यक्तिगत धर्म का कड़ा आदेश है कि किसी से घृणा मत करो। मैंने बारह साल की उम्र में अपनी एक पाठ्यपुस्तक से यह सरल परंतु भव्य सिद्धांत सीखा था। उसमें मेरा विश्वास आज तक बना हुआ है, बल्कि दिन-दिन और भी गहरा होता चला जा रहा है। मुझ पर उसकी धुन सवार है।

(06.08.1925 : यंग इंडिया में प्रकाशित लेख 'क्या मैं अंग्रेजों से घृणा करता हूं?' का अंश : सं.गां.वां. खंड 28 : पृष्ठ 30)

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

# क्षितिज किरण

K K RNI No.61546/95

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-174 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 18 अगस्त 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना




# तारापीठ के होटल में आग, 9 श्रद्धालुओं की मौत

## पीएमओ व सीएमओ ने किया मुआवजे का ऐलान अस्पताल में इलाजरत कई लोगों की हालत गंभीर



बीरभूम/कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में एक बार होटल में भीषण अगलगी की घटना में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि जबकि छह अन्य की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस, स्थानीय लोगों व दमकल सूत्रों ने बताया कि बीरभूम जिले के तारापीठ में आज सुबह उस समय अफ्रा-तफ्री मच गई, जब एक होटल में अचानक भीषण आग लगी। उक्त घटना में खबर के लिखे जाने तक नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। अब तक आठ श्रद्धालुओं की पहचान हो चुकी है। इनमें से तीन कमल रॉय, अमित पाल और सुबीर साहा अलीपुरद्वार के रहने वाले थे। जबकि मरने वालों में पांच अन्य लोग मेघालय के थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। फायर मामलों के राज्य मंत्री कौशिक चौधरी ने राज्य की सीएम शुभेंदु अधिकारी को वीडियो कॉल के ज़रिए घटना स्थल दिखाया। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी 'X' पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। आज तड़के हुई इस घटना को लेकर चश्मदीदों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। सबसे बड़ी शिकायत यह है कि होटल में भीषण आग लगने के बावजूद किसी भी कमरे में फायर अलार्म नहीं बजा। इसके अलावा, जब आग लगने का पता चलने पर लोग बाहर निकलने के लिए भागे, तो फायर एग्जिट गेट बंद मिला। आरोप है कि होटल धुएं से भरा हुआ था, लेकिन अंदर मौजूद श्रद्धालु बाहर नहीं निकल पाए क्योंकि गेट बंद था।

## बिहार के लखीसराय में अशोक धाम मंदिर में भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत; 12 से अधिक लोग घायल



लखीसराय,(आरएनएस)। बिहार के लखीसराय जिले में मंदिर के बाहर भगदड़ से कम से कम 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 12 से अधिक लोग इस घटना में घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अशोक धाम स्टेशन से मंदिर जाने वाले रास्ते पर हुई। पवित्र सावन महीने के तीसरे सोमवार पर अशोक धाम मंदिर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां जमा हुए थे।शुरुआती जानकारी के मुताबिक, रात में इस रास्ते पर बिजली का पोल तार समेत गिर गया था। श्रद्धालुओं के बीच यह अफवाह फैल गई कि एक खंभे में बिजली का करंट आ गया है। इससे लोग घबरा गए और बचने की कोशिश में अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की तृतीय बैठक स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## राम मंदिर चढ़ावा विवादः सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से किया इनकार




नईदिल्ली (आरएनएस)। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्वतंत्र जांच कराने, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन का सीएजी, फॉरेंसिक ऑडिट करने, ट्रस्ट के सभी वित्तीय रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, जांच पूरी होने तक उस पर बड़े वित्तीय फैसले लेने से रोक लगाए जाने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट तैयार है। अब तक के जांच की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी है।

## उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के बाहर अफरा-तफरी, 13 लोग घायल, कई की तबीयत बिगड़ी

उज्जैन (आरएनएस)। सावन के तीसरे सोमवार और वर्ष में केवल एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए उज्जैन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ के बीच हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया, जिससे कई श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार 13 लोग घायल बताए जा रहे है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ और उमस के बीच कुछ महिला-पुरुषों और युवतियों को घबराहट होने लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़े। स्थिति बिगड़ने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल प्रभावित श्रद्धालुओं को संभाला और उपचार के लिए उज्जैन जिला अस्पताल पहुंचाया। तबीयत बिगड़ने वाले श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। अस्पताल प्रशासन उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सावन के तीसरे सोमवार को भगवान महाकाल के दर्शन के साथ नागचंद्रेश्वर मंदिर के विशेष दर्शन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। नागचंद्रेश्वर मंदिर वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। इसके चलते महाकाल मंदिर परिसर, हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र और आसपास के मार्गों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी हुई है।



## भारत में बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.1 प्रतिशत रही



मुंबई(आरएनएस)। भारत में बेरोजगारी दर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में जुलाई में कम होकर 5.1 प्रतिशत हो गई है। इसमें सालाना आधार और मासिक आधार दोनों में गिरावट देखी गई है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी डेटा में दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी डेटा में कहा गया कि जुलाई 2026 में पुरुषों और महिलाओं दोनों की बेरोजगारी दर पिछले महीने की तुलना में कम हुई, जिससे पता चलता है कि दोनों ही वर्गों के लिए रोजगार की स्थितियों में सुधार हुआ है। ग्रामीण इलाकों में, जुलाई 2026 में बेरोजगारी दर पिछले महीने के 5 प्रतिशत से घटकर तेजी से 4.5 प्रतिशत हो गई।

# नागपंचमी पर्व पर शायन आरती के उपरांत हुआ नागद्वारी मेले का समापन

लोककथा और इतिहास के जीवंत संगम पद्मशेष नागद्वारी गुफा के प्रति आस्था के साक्षी बने 7 लाख से अधिक श्रद्धालु

मेले के अंतिम दिवस 1 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया ऐतिहासिक पद्मशेष नागद्वार स्वामी के दर्शनों का पुण्य लाभ





नर्मदापुरम (निप्र.)। मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 8 अगस्त से 17 अगस्त तक चल रहे नागद्वारी मेले में सतपुड़ा के घने जंगलों में स्थित नागद्वारी गुफा के दर्शन करने के लिए लाखों श्रद्धालुओं ने दुर्गम रास्तों को पर करते हुए यात्रा पूरी की। इस अवधि में निर्जन वनों एवं दुर्गम घाटियों की बाधाओं को पार करके लाखों भक्तों का सैलाब पद्मशेष नागद्वार मंदिर पहुंचा। साल में एक बार खुलने वाले इस मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था एवं विश्वास ही थी जो वे सभी कठिनाइयों को भी परास्त कर भगवान पद्मशेष नागद्वार के दर्शन करने पहुंच गए। सदियों पुराने नागद्वारी मेला के संबंध में अनेको कथाएं प्रचलित है जिनसे मेले के महत्व के ऐतिहासिक प्रमाण भी मिलते हैं। नर्मदापुरम जिला प्रशासन के प्रयासों से मध्य प्रदेश की यह अति विशेष नागद्वारी यात्रा का सोमवार को नाग पंचमी के पर्व पर समापन किया गया। 18 अगस्त मंगलवार तक सभी श्रद्धालु भी नागद्वारी गुफा क्षेत्र से वापस पहुंच जाएंगे।

### कलेक्टर और एसपी ने पचमढ़ी में रहकर रखी निरंतर निगरानी

नागपंचमी पर्व पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा रविवार रात से ही पचमढ़ी में उपस्थित रहे और मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी बनाए रखी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से नागद्वारी मेले का सफल एवं सुचारू आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। उन्होंने मेले में शामिल सभी श्रद्धालुओं को नागपंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशासनिक प्रोटोकॉल के बिना आम श्रद्धालु की तरह मेले में पहुंचे कलेक्टर

नागद्वारी मेले में उस समय आत्मीय माहौल देखने को मिला, जब कलेक्टर सोमेश मिश्रा प्रशासनिक दायित्वों से इतर एक आम श्रद्धालु की तरह मेले में पहुंचे और श्रद्धालुओं के साथ मेले का आनंद लिया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मेले में पहुंचकर विभिन्न दुकानों का भ्रमण किया तथा दुकानदारों से संवाद करते हुए स्थानीय उत्पादों एवं अन्य सामग्री की खरीदारी भी की। इस दौरान उन्होंने मेले की रौनक, श्रद्धालुओं की आस्था और स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों का भी जायजा लिया। कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं एसडीएम आकिप खान भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर मेले के वातावरण का आनंद लिया।

### कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर नजर

जिला प्रशासन एवं महादेव मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ एवं सुरक्षा की दृष्टि से इस वर्ष भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी जिससे श्रद्धालु सुगमतापूर्वक यात्रा पूरी करें और मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ ले। नागद्वारी मेले के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था जिसके द्वारा मेले में प्रत्येक सेक्टर पॉइंट से वायरलेस कनेक्टिविटी को जोड़ा गया है। किसी भी वस्तु की आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर सेक्टर पॉइंट्स पर सभी आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति की गई। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्यूटी स्थान पर उनकी उपस्थिति को भी सुनिश्चित किया गया। कंट्रोल रूम के माध्यम से मेले में दर्शन करने आये श्रद्धालू जो अपने परिजनों से बिछड जाते हैं, उनको पुलिस एवं आपदा प्रबंधन के जवानों से समन्वय कर परिजनों से मिलवाया गया। उक्त कार्य के लिए जगह-जगह पर खोया पाया केंद्र भी बनाए गए।







# राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट की एपेक्स मॉनिटरिंग अथॉरिटी की बैठक

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, निवेश संभावनाओं और आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना पर रखा विजन भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) में 9,047 एकड़ क्षेत्र में 11 औद्योगिक पार्कों के प्रस्ताव प्रस्तुत




भोपाल( आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट की तीसरी एपेक्स मॉनिटरिंग अथॉरिटी की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, निवेश संभावनाओं, औद्योगिक कॉरिडोर तथा आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना के विकास से जुड़े विषयों पर राज्य सरकार का विजन रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं, उद्योगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से विकसित की जा रही औद्योगिक परियोजनाओं की जानकारी दी। मध्यप्रदेश द्वारा औद्योगिक विकास को गति देने, निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा आधुनिक, विश्वस्तरीय और निवेश-तैयार औद्योगिक अधोसंरचना विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

बैठक में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री तथा एपेक्स मॉनिटरिंग अथॉरिटी की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सीतारमण, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी उपस्थित थे। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने औद्योगिक विकास और निवेश से जुड़े विषयों पर अपने-अपने राज्यों का विजन रखा।

**मध्यप्रदेश को प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश केंद्र बनाने का लक्ष्य**

प्रदेश सरकार का लक्ष्य राज्य को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है। आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, निवेश-अनुकूल नीतियों, प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं और उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों के माध्यम से प्रदेश में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को निरंतर गति दी जा रही है।

बैठक में मध्यप्रदेश की औद्योगिक विकास योजनाओं की प्रस्तुति से प्रदेश की निवेश क्षमता और औद्योगिक अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित किया गया। भारत सरकार की BHAVYA योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश द्वारा फेज-द्ब, राउंड-द्ब में 11 औद्योगिक पार्कों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। इन प्रस्तावों के तहत कुल 9,047.08 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक अधोसंरचना विकसित करने की योजना है। प्रस्तावित परियोजनाओं की कुल DPR लागत 8,144.35 करोड़ रूपये है। इन औद्योगिक पार्कों को निवेश-तैयार और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं से युक्त विकसित करने का लक्ष्य है। इससे प्रदेश में नए निवेश आकर्षित होने के साथ ही रोजगार के अवसरों का भी विस्तार होगा।

मध्यप्रदेश द्वारा राउंड-द्ब के अंतर्गत प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों को राज्य के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में संतुलित रूप से वितरित किया गया है, ताकि औद्योगिक विकास के लाभ संपूर्ण राज्य में समान रूप से पहुंच सकें। प्रस्तावित 11 परियोजनाओं में अवंतिका इंडस्ट्रियल सेंटर (उज्जैन), भैंसोला (धार), पिपलरावांन-पालीकालन (देवास-शाजापुर), IR रतलाम-पलसोड़ी, आष्टा इंडस्ट्रियल क्लस्टर (सीहोर), मसवासी ग्रांट (सागर), चैनपुरा (गुना), मोहना (ग्वालियर), धरमपुरा (जबलपुर), सिमरा (कटनी) और शिवसागर (रीवा) शामिल है।

इन परियोजनाओं का कुल क्षेत्रफल 9,000 एकड़ से अधिक है। भैंसोला औद्योगिक पार्क को टेक्सटाइल पार्क के रूप में प्रस्तावित किया गया है, जो धार स्थित भारत के सबसे बड़े PM MITRA पार्क का विस्तार होगा तथा वस्त्र क्षेत्र की संपूर्ण वैल्यू चेन को समाहित करेगा। इसके अतिरिक्त, ये इंडस्ट्रियल पार्क फार्मा, ऑटोमोबाइल, रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट, सेमीकंडक्टर, IT एवं ITeS सहित विभिन्न क्षेत्रों को समर्थन प्रदान करेंगे तथा इनसे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के व्यापक अवसर उत्पन्न करेंगे।

**महिला कर्मियों के लिए आधुनिक सुविधाओं पर विशेष जोर**

प्रदेश सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में महिला कर्मियों की सुविधा, सुरक्षा और कार्य के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत डे-केयर सेंटर, CCTV आधारित सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, आवश्यक यूटिलिटीज, कैंटीन तथा अन्य सुविधाओं से युक्त हॉस्टल विकसित किए जा रहे हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें सुरक्षित और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रदेश में विकसित किए जा रहे औद्योगिक कॉरिडोर और विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे औद्योगिक नोड्स प्रदेश की औद्योगिक अधोसंरचना को नई गति प्रदान कर रहे हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से विकसित हो रही इन परियोजनाओं तथा राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों का समन्वय प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को तेजी से धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# भोपाल में नर्सिंग छात्रों का बड़ा प्रदर्शन, डिग्री, परीक्षा और छात्रवृत्ति को लेकर ठोस और लिखित आश्वासन की मांग

भोपाल, (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में उग्र राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि कॉलेजों की मान्यता और अदालती प्रक्रिया के चक्कर में पिछले 6 सालों से उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा है कि जब तक सरकार की ओर से ठोस और लिखित आश्वासन नहीं मिलता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन में शामिल बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के विद्यार्थियों ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। छात्रों का कहना है कि नर्सिंग कॉलेजों की गलत मान्यता और उनसे जुड़ी धांधलियों में विद्यार्थियों की कोई गलती नहीं है, लेकिन इसकी सजा उन्हें पिछले 6 वर्षों से भुगतनी पड़ रही है। समय पर परीक्षाएं न होना, परिणाम अटकना, डिग्री व रजिस्ट्रेशन नंबर न मिलना और छात्रवृत्ति में अत्यधिक विलंब के कारण हजारों युवाओं की आगे की पढ़ाई और रोजगार के अवसर पूरी तरह ठप्प हो गए हैं।

छात्र नेता मनोज रजक व अन्य प्रदर्शनकारियों ने बताया कि अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं, जिससे समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। इसीलिए इस बार जब तक शासन-प्रशासन की ओर से सभी मांगों पर समयबद्ध और लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक वे नीलम पार्क से नहीं हटेंगे।



छात्रों ने कहा कि नर्सिंग की पढ़ाई पूरी होने के बावजूद डिग्री और रजिस्ट्रेशन न मिलने से वे न तो सरकारी/निजी अस्पतालों में नौकरी के लिए आवेदन कर पा रहे हैं और न ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। **विशेष बेंच का गठन:** हाईकोर्ट में लंबित नर्सिंग मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच बनाकर जल्द से जल्द छात्रों के हित में अंतिम फैसला सुनाया जाए।

**समान परीक्षा का आयोजन:** बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के सभी श्रेणियों के विद्यार्थियों की परीक्षाएं बिना किसी विलंब के एक साथ कराई जाएं।

**समयबद्ध डिग्री और रजिस्ट्रेशन:** बैच 2020-21 के छात्रों को दिसंबर 2026 तक हर हाल में डिग्री और रजिस्ट्रेशन नंबर आवंटित किया जाए। **छात्रवृत्ति का शीघ्र भुगतान:** विद्यार्थियों की अटकी हुई छात्रवृत्ति और उससे जुड़ी तकनीकी समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए।

# परमाणु ऊर्जा की सही जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका : विशेषज्ञ



भोपाल (ए.)। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोमवार को परमाणु ऊर्जा तकनीक और मास मीडिया के बीच समन्वय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग ने इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी, मुंबई के सहयोग से लता मंगेशकर सभागार में 'परमाणु ऊर्जा तकनीक की सफलता में मास मीडिया की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी के अध्यक्ष वी.के. मनचंदा मुख्य अतिथि रहे। प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं एनपीसीआईएल के सेवानिवृत्त एसोसिएट डायरेक्टर अनादि कुमार सिन्हा, ओ.पी. राय, डॉ. अर्चना मिश्रा और डॉ. ऋषिकेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# डिजिटल युग में सुरक्षित और जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त उपभोक्ता

## उपभोक्ता अधिकारों, डिजिटल धोखाधड़ी और शिकायत निवारण पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

भोपाल( आरएनएस)। डिजिटल बाजार ने खरीदारी और भुगतान को जितना आसान बनाया है, उतना ही उपभोक्ताओं के सामने धोखाधड़ी, डेटा की गोपनीयता और शिकायतों के त्वरित समाधान जैसी नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। ऐसे दौर में उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार केवल जागरूकता का विषय नहीं, बल्कि उपभोक्ता सशक्तिकरण की अनिवार्य शर्त बन गया है। इसी बदलते परिदृश्य में मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने सोमवार को भोपाल में डिजिटल उपभोक्ताओं के अधिकारों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और प्रभावी शिकायत निवारण पर विशेषज्ञों के साथ व्यापक मंथन किया।कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित कार्यशाला का विषय "Empowering the Digital Consumer: Rights, Redressal and Safe Transactions" रहा। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की सहभागिता से आयोजित इस कार्यशाला में न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और साइबर विशेषज्ञों ने डिजिटल बाजार में उपभोक्ताओं के सामने उभर रही चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार साझा किए।




# मंत्री कुशवाह ने शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय विद्यालय एवं शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा, विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर सुविधाओं और शिक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



भोपाल (ए.)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान हामूखेड़ी स्थित शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय विद्यालय तथा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। मंत्री श्री कुशवाह ने दोनों विद्यालयों में पहुंचकर वहां की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा, भोजन, आवास, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय के विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उनसे संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं तथा समस्याओं के बारे में जाना। बच्चों के साथ सहजता से बातचीत करते हुए उन्होंने उनकी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर भी चर्चा की।

मंत्री श्री कुशवाह ने विद्यालय में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की तथा व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने, बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन बच्चों को बेहतर वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ निरंतर कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# संत रविदास समरसता कलश यात्रा 18 अगस्त को


## बरखेड़ा स्थित प्राचीन संत रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर रविन्द्र भवन पहुंचेगी यात्रा



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संत रविदास समरसता कलश यात्रा मंगलवार, 18 अगस्त को प्रातः 10 बजे प्राचीन संत रविदास मंदिर, डी-सेक्टर बरखेड़ा भेल से प्रारंभ होगी।यात्रा बरखेड़ा बजरंग मार्केट, नेहरू मार्केट, विजय मार्केट, गोविंदपुरा थाना, चेतक ब्रिज, अंबेडकर चौराहा, एमपी नगर थाना, पुरानी जेल, पुरानी विधानसभा और राजभवन होते हुए रविन्द्र भवन पहुंचेगी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यात्रा के प्रभावी,समन्वित एवं गरिमामय आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली AIIMS ने कहा- एक्टर ट्विशा ने आत्महत्या की

## डेडबॉडी पर मारपीट के निशान नहीं मिले, CBI की चार्जशीट में सास-पति पर दहेज हत्या के आरोप



भोपाल (ए.) । दिल्ली AIIMS की टीम ने मॉडल-एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत को आत्महत्या बताया है। टीम के मुताबिक, ट्विशा के शव पर ऐसी कोई चोट नहीं थी, जिससे मेडिकोलीगल (कानूनी और चिकित्सीय) नजरिए से हमले या संघर्ष का संकेत मिलता हो। दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) के पांच सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड ने CBI को सौंपी 11 पन्नों की अपनी रिपोर्ट में ये बात कही है। सीलबंद लिफाफे में 10 जुलाई को दी गई ये फाइनल फोरेंसिक रिपोर्ट सोमवार को सामने आई।

इधर, मामले में CBI ने कोर्ट में 636 पेज की चार्जशीट पेश कर दी है। इसमें दोनों आरोपियों- ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है।

**CBI की चार्जशीट में दहेज हत्या का आरोप**

CBI ने ट्विशा की सास और पति पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 80 (2) यानी दहेज हत्या, धारा 85 यानि पति या उसके रिश्तेदार द्वारा महिला के साथ क्रूरता, धारा 108 यानी आत्महत्या के लिए उकसाना, 3 (5) दहेज के लेनदेन के अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 और 4 लगाई है। ट्विशा के चचेरे भाई आशीष शर्मा ने कहा- चार्जशीट में क्रूरता के आरोपों की पुष्टि हुई है।

**24 मई को डेडबॉडी का दूसरा पोस्टमॉर्टम किया था**

बता दें कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 22 मई के आदेश पर दिल्ली एम्स के मेडिकल बोर्ड ने 24 मई को ट्विशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया था। एम्स में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा- किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले बोर्ड ने सभी संभावित पहलुओं से मामले की विस्तार से जांच की।

उन्होंने कहा- यह आत्महत्या का मामला था और शव पर मारपीट का कोई निशान नहीं मिला।

12 मई को हुई थी ट्विशा की मौत

ट्विशा शर्मा 12 मई 2026 की रात भोपाल के कटारा हिल्स स्थित अपने ससुराल में मृत मिली थीं। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया था, जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया। पहले पोस्टमॉर्टम पर सवाल उठने के बाद हाईकोर्ट ने दिल्ली AIIMS से दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने के निर्देश दिए थे। सीबीआई ने ट्विशा के वजन के बराबर भार वाली डमी के साथ सीन रिक्रिएट किया था। सीबीआई ने ट्विशा के वजन के बराबर भार वाली डमी के साथ सीन रिक्रिएट किया था।

**लैपटॉप का पासवर्ड देने में आपत्ति नहीं**

3 अगस्त को हुई सुनवाई में सीबीआई ने आरोपी समर्थ सिंह का वॉइस सैंपल लेने और उसके लैपटॉप का पासवर्ड उपलब्ध कराने की मांग की थी।

समर्थ सिंह की ओर से उनके वकील ने लैपटॉप का पासवर्ड देने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। वहीं, वॉइस सैंपल को लेकर शर्त रखी कि वॉइस सैंपल की एक कॉपी सुरक्षित रूप से कोर्ट में भी रखी जाए।

इस पर सीबीआई का कहना था कि डिजिटल साक्ष्यों की जांच और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विश्लेषण के लिए लैपटॉप का पासवर्ड और वॉइस सैंपल महत्वपूर्ण हैं।

# नई टाइमिंग में दौड़ी भोपाल मेट्रो

## हर रोज 62 फेरे लगाएगी; रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिन 70 ट्रिप

भोपाल( आरएनएस)। भोपाल मेट्रो सोमवार से नई टाइमिंग पर दौड़ी। सुबह 11:30 बजे से सुभाषनगर से पहली मेट्रो एम्स के लिए रवाना हुई, जबकि दोपहर 12 बजे एम्स से सुभाषनगर के लिए मेट्रो चली। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार सोमवार से शनिवार तक मेट्रो हर रोज 62 फेरे लगाएगी, जबकि रविवार और अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में 70 ट्रिप रहेंगी।नए शेड्यूल के अनुसार नई समय-सारणी के तहत अब सप्ताह के सभी दिनों में यात्रियों को हर 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी। पूरे परिचालन समय में समान अंतराल पर मेट्रो का संचालन होगा। रविवार और सार्वजनिक अवकाश वाले दिन मेट्रो की टाइमिंग 1 घंटा ज्यादा रहेंगी।

नए शेड्यूल के अनुसार सुभाष नगर स्टेशन से पहली मेट्रो प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे और एम्स स्टेशन से पहली मेट्रो दोपहर 12 बजे रवाना होगी। सोमवार से शनिवार तक मेट्रो सेवा सुबह 11:30 से शाम 7:30 बजे तक संचालित होगी। इस दौरान सुभाष नगर स्टेशन से अंतिम मेट्रो शाम 7 बजे और एम्स स्टेशन से अंतिम मेट्रो शाम 7:30 बजे रवाना होगी। इन दिनों कुल 62 फेरे (दोनों दिशाओं सहित) संचालित किए जाएंगे। वहीं, रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिनों में मेट्रो सेवा सुबह 11:30 से रात 8:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इन दिनों सुभाष नगर स्टेशन से अंतिम मेट्रो रात 8 बजे और एम्स स्टेशन से अंतिम मेट्रो रात 8:30 बजे रवाना होगी।

# खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर करें सख्त कार्रवाई : संभागायुक्त श्री शर्मा



भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि संभाग के सभी ज़िलों में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई करें, ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माने, जब्ती एवं उपयोग में लाए गए वाहन आदि को राजसात करने की कार्रवाई की जाए। सभी जिलों में बनाए गए चैक पॉइंट्स सक्रिय रहें और निरंतर कार्रवाई हो, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संभागायुक्त श्री शर्मा ने सोमवार को कमिश्नर कार्यालय सभागार में खनिज विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्रीमती भारती देवी मिश्रा, खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत सहित सभी जिलों के खनिज अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक बताया गया कि संभाग के सभी जिलों में अवैध खनन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अप्रैल 2026 से अभी तक राजगढ़ ज़िले में 57, भोपाल में 48, रायसेन में 77, विदिशा में 67 और में सीहोर ज़िले में 111 अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के केस दर्ज किए गए हैं, जिनके अंतर्गत 384.12 लाख रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। संभाग आयुक्त श्री शर्मा ने सभी जिलों में स्वीकृत खनिज पट्टों की जानकारी ली और उत्खनन की स्वीकृतियों का समय पर नवीनीकरण करवाने के निर्देश दिए।

अवैध खनन को रोकने के लिए ए आई चेक पोस्ट द्वारा जाँच एवं टीपी की जांच सख्ती के साथ किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी जिलों में भंडारण में स्टॉक सख्ती के साथ चेक करने के भी निर्देश दिए। अवैध परिवहन के प्रकरणों में नीलामी के माध्यम से अधिक से अधिक राजस्व वसूल करने के भी निर्देश दिए गए। श्री शर्मा ने बैठक में सभी खनिज अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी जिले में नदियों में अवैध उत्खनन नहीं होना चाहिए। इस प्रकार के मामलों में सख्त से सख्त कार्यवाही कर वाहन राजसात किए जाए।संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में खनिज राजस्व की वसूली रणनीति बनाकर की जाए। सभी ज़िलों में रेत, पत्थर एवं अन्य खनिज पट्टों एवं लाइसेंसों के नवीनीकरण का भौतिक सत्यापन भी करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान - 2026 के अंतर्गत खनिज विभाग के अधिकारी अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करें। विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय पर निराकरण करें।

# बीपीसीएल ने भारतीय सेना के लिए पहली एक्सट्रीम वेदर ग्रेड डीजल रेक रवाना की

दमोह(ए.)। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल ) ने भारतीय सेना की ऊंचाई वाले और बेहद ठंडे क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों के लिए विशेष रूप से तैयार एक्सट्रीम वेदर ग्रेड (एक्सडब्ल्यूजी ) डीजल की पहली रेक बीना रिफाइनरी से रवाना की। यह बीपीसीएल के तकनीकी नवाचार और देश की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बीपीसीएल भारत सरकार की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। पहली एक्सडब्लूजी डीजल रेक को लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एवीएसएम , एसएम , वीएसएम , डीजीएसटी , आईएचक्यू ऑफ़ एमओडी (आर्मी) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) शुभंकर सेन के साथ भारतीय सेना, भारतीय रेलवे और बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।बीपीसीएल ने कहा कि एक्सडब्लूजी डीजल का विकास कंपनी की तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारतीय सेना के लिए ईंधन की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने और सैन्य अभियानों की तैयारी एवं कार्यक्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) शुभंकर सेन ने कहा कि एक्सट्रीम वेदर ग्रेड डीजल का सफल विकास और पहली रेक की रवानगी



बीपीसीएल की शोध क्षमता, तकनीकी दक्षता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बीपीसीएल देश की रणनीतिक जरूरतों के अनुरूप नए और उपयोगी ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक के. के. दास ने कहा कि पहली एक्सडब्लूजी डीजल रेक की रवानी बीना रिफाइनरी के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बीपीसीएल की शोध, रिफाइनिंग, मार्केटिंग और लॉजिस्टिक्स टीमों के बेहतर तालमेल और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीना रिफाइनरी आगे भी देश की जरूरतों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले विशेष ईंधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बीपीसीएल के बिजनेस हेड (इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल सॉल्यूशंस) मनोज मेनन ने कहा कि कंपनी देश के रणनीतिक क्षेत्रों के लिए विशेष ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने पर लगातार काम कर रही है। भारतीय सशस्त्र बलों को बिना रुकावट और भरोसेमंद ईंधन उपलब्ध कराना बीपीसीएल की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। बीना रिफाइनरी से एक्सडब्लूजी डीजल की पहली रेक की रवानी से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए भरोसेमंद ऊर्जा साझेदार के रूप में बीपीसीएल की भूमिका और मजबूत हुई है। साथ ही, यह उपलब्धि देश की रणनीतिक जरूरतों के अनुसार विशेष ईंधन तैयार करने में बीना रिफाइनरी की क्षमता को भी दर्शाती है।

फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी, भारत पेट्रोलियम, भारत की दूसरी सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी (ऑयल मार्केटिंग कंपनी) है और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी है, जो कच्चे तेल के रिफाइनिंग (शोधन) और पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में संलग्न है। यह कंपनी तेल और गैस उद्योग के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों क्षेत्रों में सक्रिय है। भारत पेट्रोलियम को प्रतिष्ठित 'महानवरत्न (महान रत्न)' का दर्जा प्राप्त है, जिससे इसे अधिक परिचालनिक और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हुई है।

## हर घर तिरंगा अभियानः देशभक्ति का संदेश देने कलेक्ट्रेट से निकली भव्य तिरंगा ई-बाइक रैली



जबलपुर (आरएनएस)। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति का अलख जगाने और नागरिकों को जोड़ने के लिए भव्य 'तिरंगा ई-बाइक रैली' का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। हाथ में तिरंगा थामे ई-बाइक सवारों का यह काफिला कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख प्रशासनिक, व्यापारिक और व्यस्त चौराहों से गुजरते हुए वापस कलेक्ट्रेट पहुंचकर ही संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर यह तिरंगा रैली हाईकोर्ट चौक, पर्यटन चौक, तैय्याबली, नौदरा ब्रिज, जबलपुर हॉस्पिटल क्रॉसिंग, ब्लूम चौक, बस स्टैंड तिराहा, मालवीय चौक, बगलामुखी तिराहा, सिविक सेंटर, नौदरा ब्रिज, तैय्याबली, पर्यटन चौक होते हुए वापस कलेक्ट्रेट पहुंची।इस पूरी यात्रा के दौरान शहर भर में देशभक्ति का वातावरण निर्मित किया गया। रैली को सुचारू रूप से संचालित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी चिन्हित मार्गों एवं चौराहों पर विशेष इंतजाम किए गए।

## कुरवाई में वाहनों की सघन चेकिंग, 15 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

### स्कूली विद्यार्थियों को यात्री बसों के किराए में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट

विदिशा (आरएनएस)। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में जिले में यातायात एवं परिवहन नियमों के प्रभावी पालन तथा यात्रियों एवं स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को कुरवाई में वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई।जिला परिवहन अधिकारी द्वारा की गई जांच के दौरान कुल 15 वाहन नियमों के विरुद्ध संचालित पाए गए। इन वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 12 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 45,500 रुपये तथा मोटरयान कर के रूप में 21,657 रुपये, इस प्रकार कुल 67,157 रुपये का राजस्व वसूल किया गया।वहीं, शेष 3 वाहनों को प्रकरणों के निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर पुलिस थाना कुरवाई में सुरक्षार्थ रखा गया है। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन संचालकों में नियमों के पालन को लेकर स्पष्ट संदेश गया है।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई। परिवहन विभाग की टीम द्वारा सांदीपनी विद्यालय, कुरवाई के परिसर में पहुंचकर स्कूल बसों की जांच की गई। विद्यालय परिसर में खड़ी 10 स्कूल बसों का निर्धारित सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप निरीक्षण किया गया।



## मन के बंधनो से आज़ादी ही वास्तविक मुक्ति-निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज



### आंतरिक स्वतन्त्रता और ब्रह्मज्ञान के संदेश संग मुक्तिपर्व का भव्य आयोजन

जबलपुर, (ए.)। सम्पूर्ण भारतवर्ष जहाँ स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, गौरव और उल्लास के साथ मना रहा था, वहीं संत निरंकारी मिशन ने इस ऐतिहासिक अवसर पर ब्रह्म ज्ञान द्वारा प्रदत आंतरिक स्वतंत्रता के दिव्य सन्देश को भी जन - जन तक पहुंचाया। यह सत्य को साकार करता है कि वास्तविक मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि अज्ञान, अहंकार और भेदभाव से मुक्त होकर आत्मबोध एवं परमात्माबोध की अनुभूति में निहित है। मुक्ति पर्व का ये पावन अवसर परम श्रद्धये सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य मे दिल्ली स्थित निरंकारी सरोवर के समक्ष, ग्राउंड नंबर 2, निरंकारी चौक, बुराड़ी रोड पर श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। विदेशों की विस्तृत कल्याणकारी प्रचार यात्रा के सफल समापन के लंबे अंतराल के उपरांत सदगुरु के पावन दर्शन प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो उठे।

इस आयोजन में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया की सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं बल्कि नफरत ,अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। हर सांस में निराकार का अहसास रखते हुए प्रेम, भक्ति और स्वीकार्यता से जीना ही जीते - जी मुक्ति है। सतगुरु माता जी ने माता सविंदर जी के जीवन से प्रेरणा देते हुए लाइट हॉउस का उदाहरण दिया कि परिस्थितियां कैसे भी हों भीतर की शांति, प्रेम और सकारात्मकता की रौशनी सदैव कायम रखें। संतों की शिक्षाओ को केवल सुनना नहीं, बल्कि विचार, कर्म और जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना और मुक्ति का मार्ग है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से मुक्ति पर्व विश्व भर में मिशन की सभी शाखाओं में बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाता है , इसी तारतम्य में मिशन की जबलपुर शाखा स्थित गोल बाजार भवन में भी रीवा से पधारे प्रचारक महात्मा दर्शन लाल जी अरोरा के सान्निध्य में मनाया गया, आपजी ने मिशन के इतिहास को दोहराते हुए उन महान संत विभूतियों को श्रद्धा नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए, जिनके त्याग एवं समर्पण ने मानवता को मुक्ति मार्ग की ओर अग्रसर किया। उल्लेखनीय है कि मुक्ति पर्व का आरंभ वर्ष 1964 में जगत माता बुधवंती जी की पावन स्मृति में हुआ। वर्ष 1969 में शहंशाह बाबा अवतार सिंह जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह दिवस शहंशाह - जगत माता दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाने लगा। वर्ष 1979 मे संत निरंकारी मंडल के प्रथम प्रधान संत लाभ सिंह जी की स्मृति को भी इस दिवस से जोड़तें हुए बाबा गुरबचन सिंह जी ने इसे मुक्ति पर्व के रूप में स्थापित किया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत जागरुकता शिविर आयोजित

मुरैना,(आरएनएस)। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, मुरैना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा छात्राओं को विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि कम आयु में विवाह होने से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही उनकी शिक्षा बाधित होती है तथा जीवन में आगे बढ़ने के अवसर सीमित हो जाते हैं।

इसके विपरीत शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बालिकाएं न केवल अपने भविष्य को सशक्त बनाती हैं, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया।

# व्यापार समाचार

## अब फास्टैग के डेटा पर होगी ईडी की नजर, टोल के साथ सरकार का नया प्लान

नई दिल्ली(ए.) । देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब टोल प्लाजा केवल शुल्क वसूली के केंद्र नहीं रहेंगे। फास्टैग और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरों से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल वाहन चोरी रोकने, संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध वाहनों की निगरानी के लिए किया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), पुलिस और अन्य अधिकृत सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों को जरूरत के अनुसार टोल प्लाजा से जुड़े वाहन संबंधी डेटा तक नियंत्रित पहुंच दी जाएगी। किसी ब्लैकलिस्टेड या संदिग्ध वाहन के टोल प्लाजा पर पहुंचते ही संबंधित एजेंसियों को रियल-टाइम अलर्ट मिल सकेगा।



### आतंकी साजिशों पर भी नजर

सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह व्यवस्था इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि अतीत में आतंकी घटनाओं में कार, ट्रक, वैन और मोटरसाइकिल जैसे वाहनों का इस्तेमाल विस्फोटक पहुंचाने या वाहनजनित आईईडी के रूप में किया जाता रहा है। संदिग्ध वाहनों की आवाजाही का डिजिटल रिकॉर्ड मिलने से संवेदनशील इलाकों में निगरानी मजबूत होगी। किसी घटना के बाद संदिग्ध वाहन के संभावित रूट का पता लगाने में भी मदद मिलेगी।नई तकनीक का इस्तेमाल हिट एंड रन मामलों की जांच में भी कारगर साबित हो सकता है। दुर्घटना स्थल के आसपास मौजूद टोल प्लाजा के टाइम-स्टैम्प और वाहन ट्रैकिंग रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस संबंधित वाहन की आवाजाही का रूट तैयार कर सकेगी। इससे फरार वाहन की पहचान और उसे पकड़ने में तेजी आएगी। लूट, डकैती, अपहरण और हथियारों की तस्करी जैसे मामलों में भी यह डेटा जांच एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण सुराग बन सकता है।देश में हर साल बड़ी संख्या में वाहन चोरी होते हैं और चोरी के वाहनों को दूसरे राज्यों या सीमावर्ती क्षेत्रों में भेज दिया जाता है।

## 45 से 65 वर्ष वालों के लिए कोर्ट में नौकरी का सुनहरा मौका, 31 अगस्त अंतिम तिथि



अमरावती (ए.) । न्यायालय में नौकरी करने की इच्छा रखने वालों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, पश्चिम गोदावरी जिला न्यायालय ने आंध्र प्रदेश स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (द्वितीय श्रेणी) सेवा नियम, 2024 के तहत अपनी अलग-अलग यूनिट में स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (द्वितीय श्रेणी) के पदों को पूरी तरह से अस्थायी तौर पर भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर आमंत्रित किए हैं।पश्चिम गोदावरी जिला न्यायालय की ओर से जारी रिक्तियों में I स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, एलुरु; II स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, एलुरु; I स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, कोव्वुर; II स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, कोव्वुर; I स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, तानुकु; स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, पलाकोल; और स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, II क्लास, जंगारेड्डीगुडेम का 1-1 पद शामिल हैं। इन सभी रिक्तियों के लिए ऑफलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तय की गई है। ऐसे में आवेदन फॉर्म भरने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय अंतिम तिथि के शाम 5 बजे तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा कर लें।

## GOOGLE CHROME यूजर्स तुरंत करें ये काम, वरना हैक हो जाएगा कंप्यूटर; सरकार ने जारी की चेतावनी



नई दिल्ली (ए.) । आज के डिजिटल युग में इंटरनेट ब्राउजिंग के लिए गूगल क्रोम दुनिया भर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ब्राउजर है, लेकिन अगर आप भी अपने लैपटॉप या कंप्यूटर पर इसका इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। भारत सरकार की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी (सीईआरटी-इन) ने क्रोम चलाने वाले करोड़ों डेस्कटॉप यूजर्स के लिए एक बेहद गंभीर और 'हाई-सीवेरिटी' चेतावनी जारी की है। आपकी एक छोटी सी लापरवाही से न केवल आपका पूरा कंप्यूटर हैकर्स के कंट्रोल में जा सकता है, बल्कि आपकी बेहद निजी जानकारी, पासवर्ड और बैंक खाते की संवेदनशील डिटेल भी साइबर अपराधियों के हाथ लग सकती है।भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, डेस्कटॉप गूगल क्रोम के कई वर्जन के अंदर सुरक्षा से जुड़ी भारी खामियां पाई गई हैं। इन कमजोरियों का फायदा उठाकर हैकर्स बिना आपकी इजाजत के आपके सिस्टम में दूर बैठे ही घुसपैठ कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल आपके कंप्यूटर में मनमाना कोड चला सकते हैं या डिनायल-ऑफ-सर्विस (डीओएस) जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं जिससे आपका सिस्टम पूरी तरह ठप हो सकता है। जानकारी के अनुसार, ये गंभीर खामियां क्रोम के वी8, टैबस्ट्रिप, एचटीएमएल, एक्सटेंशन और ब्लिंक जैसे हिस्सों में मौजूद 'यूज-आफ्टर-फ्री' कमजोरियों से जुड़ी हुई हैं। हमलावर आपको किसी फर्जी वेबपेज या लिंक पर क्लिक करने के लिए उकसाकर आसानी से अपना शिकार बना सकते हैं।

***इन यूजर्स पर मंडरा रहा है सबसे बड़ा साइबर खतरा***

सरकार की यह चेतावनी विशेष रूप से उन यूजर्स के लिए है जो विंडोज, मैकओएस (macOS) और लिनक्स (Linu&) ऑपरेटिंग सिस्टम पर गूगल क्रोम का इस्तेमाल कर रहे हैं। विंडोज और मैकओएस पर क्रोम के 151.0.7922.137 और 151.0.7922.138 से पुराने वर्जन बुरी तरह प्रभावित हैं। वहीं, लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर 151.0.7922.137 से पुराने क्रोम वर्जन खतरे की जद में हैं। अगर आप इन पुराने वर्जन का इस्तेमाल कर रहे हैं और किसी दुर्भावनापूर्ण लिंक पर क्लिक कर देते हैं, तो हैकर्स पलक झपकते ही आपके सिस्टम की पूरी मेमोरी करप्ट कर सकते हैं या आपकी बैंकिंग डिटेल चुरा सकते हैं।

## एमजी हेक्टर की टोमहाक लान्च से पहले दिखी, जानिए फीचर्स के बारे में

नई दिल्ली (आरएनएस) । बाजार में एमजी की ओर से जल्द ही नई एसयूवी के तौर पर MG Hector Tomahawk को लॉन्च करने की तैयारी की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे लॉन्च से पहले बिना ढंके हुए देखा गया है। इस दौरान किस तरह की जानकारी सामने आई है। हम आपको इस खबर में बता रहे हैं। एमजी की ओर से भारतीय बाजार में जल्द ही नई गाड़ी को लॉन्च करने की तैयारी की जा रही है। निर्माता की ओर से MG Hector Tomahawk नाम से लॉन्च की जाने वाली एसयूवी को इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में ऑफर किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एसयूवी को लॉन्च से पहले बिना ढंके हुए देखा गया है। इस दौरान इसके फ्रंट डिजाइन और कुछ फीचर्स की जानकारी सामने आई है। जिसके मुताबिक इस एसयूवी कई देशों में ऑफर की जाने वाली वुलिंग स्टारलाइट 560 पर आधारित है। इस एसयूवी का डिजाइन भी पूरी तरह से वुलिंग स्टारलाइट 560 की तरह ही रखा गया है। निर्माता की ओर से इस एसयूवी के फ्रंट में सी आकार में एलईडी डीआरएल को दिया जाएगा। इसमें एलईडी हेडलाइट, एलईडी टेल लाइट, सात सीटों का विकल्प, प्रीमियम इंटीरियर, रूफ रेल, पैनोरमिक सनरूफ जैसे कई बेहतरीन फीचर्स को दिया जाएगा।

## मत्स्य उत्पादन में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बना भारत, वैश्विक स्तर पर 8% हिस्सेदारी के साथ रचा नया कीर्तिमान



नई दिल्ली (ए.)। भारत का मत्स्य और जलीय कृषि (फिशरीज एंड एक्वाकल्चर) क्षेत्र तेजी से देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वैश्विक मत्स्य उत्पादन में उसकी करीब 8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा भारत जलीय कृषि उत्पादन में भी दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जबकि झींगा उत्पादन और निर्यात में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में शामिल है।मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अनुसार, यह क्षेत्र देश में लगभग 3 करोड़ मछुआरों और मत्स्य किसानों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। साथ ही मत्स्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न चरणों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराता है।सरकार ने बताया कि वर्ष 2015 से अब तक मत्स्य क्षेत्र के सतत विकास और आधुनिकीकरण के लिए 39,272 करोड़ रुपए का संचयी निवेश किया गया है। यह निवेश ब्लू रिवोल्यूशन योजना, फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) तथा इसकी उप-योजना प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना (पीएम-एमकेएसएसवाई) के माध्यम से किया गया है।मंत्रालय ने आगे कहा कि भारत के मत्स्य क्षेत्र का भविष्य युवाओं, मछुआरों और मछली किसानों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर है। आज यह वर्ग आधुनिक जलीय कृषि तकनीकों, डिजिटल ट्रेसबिलिटी, कोल्ड-चेन प्रबंधन, वैल्यू एडिशन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।सरकार का मानना है कि युवाओं और उद्यमशील किसानों की बढ़ती भागीदारी भारत की ब्लू इकोनॉमी को नई गति देगी और मत्स्य क्षेत्र को आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में स्थापित करेगी।गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना को मंजूरी दी थी। यह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है, जिसे वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक चार वर्षों की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है।इस योजना के लिए 6,000 करोड़ रुपए का अनुमानित प्रावधान किया गया है और इसे देश के सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वित्तीय और तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से मत्स्य क्षेत्र की संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना तथा दीर्घकालिक संस्थागत सुधारों को बढ़ावा देना है।

सरकार के अनुसार, यह योजना उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, बाजार पहुंच मजबूत करने और मत्स्य किसानों की आय में वृद्धि करने पर केंद्रित है।स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद मत्स्य पालन विभाग ने पीएम-एमकेएसएसवाई के लाभार्थियों और उनके जीवनसाथियों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसका उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करना और सरकारी योजनाओं के प्रभाव को प्रदर्शित करना था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## नौकरी की मजबूरी

भारतीय नाविकों के सामने भी नौकरी की मजबूरी है, जिससे जहाज मालिकों का निर्देश मानने के लिए वे विवश बने हुए हैं। जबकि फारस की खाड़ी, लाल सागर, और काला सागर में जोखिम बढ़ता जा रहा है।

लाल सागर में यमन के पास भारतीय झंडे वाला एक व्यावसायिक जहाज डूब गया। राहत की बात है कि जहाज पर सवार 14 नाविकों को बचा लिया गया, जिनमें 13 भारतीय हैं। भारतीय जहाज एसएसवी फैज नूर ओलिया पर यमन के हुदैदा/ मोखा बंदरगाह के पास मिसाइल अथवा ड्रोन से हमला हुआ। हमला किसने किया, तुरंत यह मालूम नहीं हो सका, लेकिन यमन के पास इस जलमार्ग में जहाजों को अक्सर अंसारुल्लाह (हुती) विद्रोही निशाना बनाते रहे हैं। अंसारुल्लाह ने लाल सागर में मौजूद बाब-ए-मंदाब जल मार्ग को आम नौवहन के लिए बंद कर रखा है। इसके पहले खाड़ी में पांच महीनों से जारी युद्ध के दौरान होरमुज जलडमरूमध्य के आसपास जहाजों पर हुए हमलों में कम-से-कम 14 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं।

इस बीच पिछले महीने काला सागर से गुजरने का प्रयास भी भारतीय नाविकों के लिए जानलेवा साबित हुआ। बीते 18 जुलाई और 19 जुलाई को दो हमलों में पांच भारतीय नाविक मारे गए। ये हमले यूक्रेन ने किए। ऐसे मामलों में भारत सरकार की प्रतिक्रिया कड़ी निंदा करने तक सीमित रही है। पिछले महीने यह खबर जरूर मीडिया में आई थी कि भारत सरकार ने शिपिंग कंपनियों को खतरनाक इलाकों में जाने वाले जहाजों में भारतीय नाविकों की ड्यूटी ना लगाने का निर्देश दिया है। ऐसे कथित निर्देश के औचित्य पर तभी कई सवाल उठे थे। बहरहाल, अब यह साफ हो चुका है कि अगर सचमुच वैसा कोई दिशा-निर्देश दिया गया था, तो वह बेअसर साबित हुआ है।

तमाम नाविकों की तरह भारतीय नाविकों के सामने भी नौकरी की मजबूरी है, जिससे जहाज मालिकों का निर्देश मानने के लिए वे विवश हैं। जबकि फारस की खाड़ी, लाल सागर, और काला सागर में जोखिम बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और ईरान के युद्ध में अब सबसे बड़ा मसला होरमुज का ही रह गया है, जिस पर अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए ईरान अडिग है। उधर हूतियों और सऊदी अरब के बीच लड़ाई छिड़ने से लाल सागर में भी खतरा बढ़ा है। इन सबके बीच भारतीय नाविकों को कैसे बचाया जाए, यह सवाल रोज अधिक बड़ा होता चला गया है।

# स्वतंत्रता का मर्म केवल अधिकार ही नहीं बल्कि देश के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का दायित्व बोध भी है

### स्वतंत्रता की भावना केवल एक दिवस मनाने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण में उसके मर्म को जीने का संकल्प है।

संजीव ठाकुर,

15 अगस्त को हमें केवल यह नहीं कहना चाहिए कि हम स्वतंत्र हैं बल्कि स्वयं से यह भी पूछना चाहिए क्या हम स्वतंत्रता के योग्य नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं?

स्वतंत्रता का उत्सव एक दिन का हो सकता है, लेकिन स्वतंत्रता की जिम्मेदारी प्रतिदिन निभानी होती है। राष्ट्रध्वज वर्ष में एक बार नहीं, हमारे आचरण में हर दिन ऊँचा होना चाहिए। संविधान केवल पुस्तक में नहीं, हमारे व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। राष्ट्रप्रेम केवल नारों में नहीं, हमारे कर्मों में सुनाई देना चाहिए।

आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता को 6 से आगे बढ़ाकर उत्तरदायित्व, उत्सव से आगे बढ़ाकर जीवन-मूल्य और एक दिवस से आगे बढ़ाकर जीवन-शैली बनाएँ।यही उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने हमें स्वतंत्र भारत दिया। यही लोकतंत्र की वास्तविक रक्षा होगी। और यही उस स्वतंत्रता का मर्म है, जिसकी ज्योति हमें आने वाली पीढ़ियों तक निरंतर जलाए रखनी है। स्वतंत्रता केवल हमें मिली हुई विरासत नहीं है; यह आने वाली पीढ़ियों को सौंपे जाने वाला हमारा नैतिक दायित्व भी है। 15 अगस्त हमारे राष्ट्रीय जीवन का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब भारत ने लगभग दो शताब्दियों की पराधीनता के बाद स्वतंत्रता का सूर्य देखा। यह दिन केवल ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, देशभक्ति के गीतों और समारोहों तक सीमित नहीं है। स्वतंत्रता दिवस वास्तव में आत्मचिंतन का दिन है—हम यह विचार करें कि जिन असंख्य ज्ञात-अज्ञात सेनानियों ने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित किया, उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में हम कितने आगे बढ़े हैं। स्वतंत्रता प्राप्त करना जितना कठिन था, उसकी गरिमा को बनाए रखना उससे कम चुनौतीपूर्ण नहीं। राजनीतिक स्वतंत्रता हमें 1947 में मिली, लेकिन स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक भय, भेदभाव, अन्याय, अज्ञान, गरीबी, भ्रष्टाचार और सामाजिक संकीर्णताओं से मुक्त होकर गरिमापूर्ण जीवन जी सके।

महात्मा गांधी ने कहा था स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी बेड़ियाँ तोड़ना नहीं, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान करना भी है। इस विचार में स्वतंत्रता का गहरा मर्म छिपा है। हमारी स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब हम अपनी स्वतंत्रता के साथ दूसरे के अधिकार और सम्मान की भी रक्षा करें।आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वतंत्रता को केवल एक राष्ट्रीय पर्व न बनाया जाए, बल्कि उसे जीवन-मूल्य बनाया जाए। यदि हम 15 अगस्त को राष्ट्रभक्ति की बातें करें और 16 अगस्त को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाएँ, नियमों की अवहेलना करें,



भ्रष्टाचार को स्वीकार करें, जाति-धर्म और भाषा के नाम पर समाज को बाँटें, तो हमारी देशभक्ति केवल प्रदर्शन बनकर रह जाएगी। स्वतंत्रता हमें अधिकार देती है, लेकिन उसके साथ कर्तव्य भी जोड़ती है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी अभिव्यक्ति से किसी दूसरे की गरिमा को चोट पहुँचाएँ। हमें विचार रखने का अधिकार है, पर दूसरे के विचार को सुनने का धैर्य भी होना चाहिए। हमें अपने धर्म और संस्कृति को मानने की स्वतंत्रता है, लेकिन दूसरे की आस्था का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ सामाजिक समानता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया था। उनका चिंतन हमें यह समझाता है कि राजनीतिक लोकतंत्र तभी टिकाऊ हो सकता है, जब उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र भी हो। इसलिए स्वतंत्र भारत की जिम्मेदारी केवल शासन चलाने वालों की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है।लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का प्रसिद्ध उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना का प्रतीक बना। लेकिन आज स्वराज का अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं है। आज स्वराज का अर्थ है अपने भीतर के भय पर विजय, अपने लोभ पर नियंत्रण, अपने पूर्वाग्रहों से मुक्ति और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता। रवींद्रनाथ ठाकुर ने ऐसे भारत की कल्पना की थी जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा हो। उनकी प्रार्थना जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा रहे आज भी स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ को परिभाषित करती है। भयमुक्त नागरिक ही लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है और प्रश्न पूछने वाला समाज ही प्रगति की ओर बढ़ सकता है।

स्वतंत्रता की रक्षा सीमाओं पर खड़ा सैनिक करता है, लेकिन उसके भीतर की चेतना को जीवित रखना नागरिक का दायित्व है। सैनिक सीमा पर देश की भौगोलिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है, किसान अन्न के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाता है, वैज्ञानिक ज्ञान और नवाचार से राष्ट्र को मजबूत करता है, शिक्षक नई पीढ़ी के चरित्र का निर्माण करता है और श्रमिक अपने श्रम से राष्ट्र की आधारभूत संरचना खड़ी करता है। इस अर्थ में हर नागरिक राष्ट्रनिर्माण का सहभागी है।

हमारी स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण पक्ष जिम्मेदार नागरिकता है। सड़क पर यातायात नियमों का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, मतदान का विवेकपूर्ण प्रयोग करना, पर्यावरण की रक्षा करना, महिलाओं और बच्चों का सम्मान करना तथा कमजोर और वंचित व्यक्ति के अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहना भी राष्ट्रभक्ति है। आज डिजिटल युग में स्वतंत्रता का एक नया आयाम भी सामने आया है। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अभिव्यक्ति का मंच दिया है। लेकिन स्वतंत्रता के साथ विवेक का होना आवश्यक है। झूठी खबर फैलाना, किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाना, घृणा फैलाना या समाज में वैमनस्य पैदा करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग है।

स्वतंत्रता का मर्म हमें यह भी सिखाता है कि राष्ट्र केवल भूमि का टुकड़ा नहीं है। राष्ट्र उसके नागरिकों की सामूहिक चेतना, संस्कृति, स्मृतियों, संघर्षों और सपनों से निर्मित होता है। इसलिए देश से प्रेम का अर्थ केवल सीमा, ध्वज और राष्ट्रगान के प्रति सम्मान नहीं, बल्कि देश के लोगों के प्रति संवेदना भी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता के पीछे लाखों परिवारों के आँसू, असंख्य बलिदानों का रक्त और पीढ़ियों का संघर्ष जुड़ा है। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, महात्मा गांधी और अनगिनत ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह केवल शक्तिशाली भारत नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण, आत्मसम्मानी और मानवीय भारत भी था। महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा, स्वामी विवेकानंद का चरित्र और राष्ट्रनिर्माण, डॉ. आंबेडकर का समानता और संवैधानिक मूल्यों पर जोर तथा भगत सिंह का जागृत चेतना और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष—ये सभी स्वतंत्रता के अलग-अलग लेकिन परस्पर जुड़े हुए आयाम हैं।

## विष्णु सरकार ने बढ़ाया किसानों का मान- खेती किसानी को मिला नया संबल

### छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति परंपरा व आस्था से जुड़ा है हरेली तिहार

छगन लाल लोन्हारे

प्रदेश सरकार किसानों के आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गांव, गरीब और किसान सरकार की पहली प्राथमिकता में हैं। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है, छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इन ढाई साल के अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीतिगत फैसलों से खेती किसानी को नया संबल मिला है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से समर्थन मूल्य पर 141.05 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं और घरों में माटी पूजन होता है। गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। इस त्यौहार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदीकर न सिर्फ किसानों को मान बढ़ाया, बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही किसानों के खाते में रमन सरकार के पिछले दो वर्ष का बकाया धान के बोनस 3716.38 करोड़ रूपए अंतरित कर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर दी है। मुख्यमंत्री का मानना है कि भारत गांवों में बसता है। जब किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश का व्यापार, उद्योग बढ़ेगा। परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे-तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। हरेली तिहार के दिन सुबह से तालाब के पनघट में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाते हैं और खेती-किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को साफ कर घर के आंगन में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं।

# जनता की जरुरतों के अनुरुप व्यवस्थाएं-मतदान बढ़ेगा तभी लोकतंत्र मजबूत होगा

### लोकतंत्र के चार स्तंभ हैं -विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस

**बुलुसु ईश्वर कुमार**

लेकिन आज इन चारों स्तंभों की ताकत बराबर नहीं है। एक स्तंभ मजबूत होता है तो दूसरा कमजोर पड़ जाता है। विधायिका का दबाव बढ़ गया है।* नियमों से ज्यादा आदेशों से अधिकारी डरते हैं। सत्ता की बात न मानने वाले अधिकारी का तबादला और निलंबन तय है। न्यायपालिका में जजों, स्टाफ की कमी और अदालतों की कमी के कारण मुकदमा हारने वाला वहीं रोता है, जीतने वाला घर जाकर रोता है जैसी स्थिति बन गई है। प्रेस विज्ञापनों और मालिकों के कारोबारी दबाव के कारण पूरी तरह स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही है। आधुनिक काल में सोशल मीडिया जनता को अपनी बात और तर्क रखने का अवसर दे रहा है। यह लोकतंत्र का 5वां स्तंभ बन चुका है। फेक न्यूज और ट्रोलिंग जैसी चुनौतियां होने के बावजूद, सरकारों से सवाल पूछने और जनसमस्याओं को उजागर करने में इसकी भूमिका अहम है। चारों स्तंभों में संतुलन लाने के लिए यह 5वां स्तंभ बहुत काम आएगा। इन परिस्थितियों में जनता को सीधा लाभ पहुंचाना है तो पहले उनकी जरूरतों के हिसाब से व्यवस्थाएं होनी चाहिए।



जनसंख्या के अनुसार डॉक्टर, स्टाफ और अस्पताल होने चाहिए। छात्रों की संख्या के अनुसार स्कूल और शिक्षक होने चाहिए। मुकदमों की संख्या के अनुसार न्यायाधीश, अदालतें और स्टाफ होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने से पहले इन बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाना होगा। तभी जनता खुश होगी। इसके साथ ही, राजनीतिक नेताओं को सही तरीके से काम करना है तो मतदान भी बढ़ना चाहिए। हर वोट गिना जाएगा तभी नेता जनमत की कदर करेंगे।

**इसके लिए दो बड़े सुधार जरूरी हैं**


1. वोटर कार्ड को आधार से लिंक करना चाहिए इससे फर्जी वोट, डबल एंट्री और मृत लोगों के नाम हट जाएंगे। मजबूत और पारदर्शी वोटर लिस्ट बनेगी। पैसे और शराब का प्रभाव कम होगा।

2. प्रवासी मजदूरों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले लाखों लोग एक दिन की मजदूरी और यात्रा खर्च के कारण वोट देने नहीं आ पाते। सैनिकों की तरह इन्हें भी पोस्टल बैलेट और ऑनलाइन वोटिंग का अवसर मिलना चाहिए।स्तंभों के बीच संतुलन होना चाहिए। हर नागरिक का वोट कीमती होना चाहिए। आयोग और केंद्र-राज्य सरकारों को इन मुद्दों पर तुरंत कदम उठाने चाहिए।व्यवस्थाएं मजबूत होंगी तभी लोकतंत्र मजबूत होगा।

## मैं अब नहीं लड़ता, क्योंकि मैंने खुद को खोकर जीतना छोड़ दिया है

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

जब जीवन बहुत कुछ सिखा देता है, तब इंसान हर आवाज़ का जवाब देना और हर लड़ाई लड़ना छोड़ देता है। वह कहता है—अब मैं नहीं लड़ता, तो दुनिया इसे उसकी कमजोरी समझ लेती है, जबकि यह अक्सर भीतर जागी हुई समझ का संकेत होता है। वह जान चुका होता है कि हर टकराव जरूरी नहीं और हर जीत की कीमत चुकाना समझदारी नहीं होती। कुछ विजय ऐसी होती हैं, जो बाहर तो जीत दिलाती हैं, लेकिन भीतर का सुकून छीन लेती हैं। इंसान की सबसे बड़ी हार किसी संघर्ष से पीछे हटना नहीं, बल्कि उस दिन होती है जब वह अपने मन की शांति और आत्मनिर्णय की शक्ति दूसरों और परिस्थितियों के हवाले कर देता है।आज का दौर शोर, विवाद और टकराव से भरा है। हर ओर बहसें, आरोप और विरोध की आवाजें हैं। समाचारों में विचारों की जगह संघर्ष दिखता है, सोशल मीडिया पर संवाद की जगह कटुता बढ़ रही है और राजनीति में समाधान से अधिक टकराव है। हर इंसान किसी न किसी लड़ाई में उलझा है—कोई रोजगार के लिए, कोई महँगाई से, तो कोई पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन इन लगातार लड़ाइयों ने इंसान की भीतर की शांति को कितना कमजोर किया है, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। क्योंकि हर समय संघर्ष में रहने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी हँसी, सहजता और मानसिक शांति खो देता है।




मेष राशि:आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करती हैं, उनके लिए दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन शाम का समय आपको सुकून देगा, आप अपनी फैमिली के साथ अच्छा समय बिताएंगी।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए नई उमंग लेकर आया है। आज आपको कोई ऐसी चीज मिलेगी जिसकी चाह आपको काफी दिनों से थी। आज आप काम को लेकर काफी एक्साइटेड रहेंगे, जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा होगा। आज समाज में आपके द्वारा मानवहित में किया गया काम आपको सम्मान दिलाएगा।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज काफी दिनों से रुका हुआ महत्वपूर्ण काम पूरा हो जाएगा, जिससे आपके अंदर उत्साह रहेगा। आज आप काम करने का नया टारगेट बनाएंगे। इस राशि के जो व्यक्ति राजनीति के क्षेत्र में हैं, वे आज किसी सभा में जाएंगे, जहां अपने संबोधन से जनमानस में नई उमंग भर देंगे।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज काफी वर्षों की मेहनत का फल आपको मिलेगा, जिससे आपको काम करने का नया हौसला मिलेगा।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति से आप जीवन की कुछ महत्वपूर्ण बातें सीखेंगे, जिसका आपके जीवन पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। आज काफी दिनों से चल रहा कोई वर्क कम्प्लीट हो जाएगा, जिससे आपकी उलझन कम होगी।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए अच्छा बदलाव लाया है। यह बदलाव आपके काम को लेकर या करियर को लेकर हो सकता है। छात्र आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे, कोई नया कोर्स जॉइन करने का मन बनाएंगे।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको संतान की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, इस खुशी में आप कहीं घूमने की प्लानिंग अपने परिवार के साथ करेंगे। आज आपका रुझान साहित्य के क्षेत्र में होने से आप बुक पढ़ने का मन बनाएंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक राशि:आज का दिन आपके लिए फेवरेबल है। आज आप पेंडिंग कार्यों को करने में सफल रहेंगे, जिससे आप आगे के प्लान भी तैयार कर पाएंगे। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। यदि आज आप मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें।

धनु राशि:आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों को आज गुड न्यूज मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें, आपके लिए अच्छा रहेगा।

मकर राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यापार में लाभ के साथ-साथ परिश्रम की अधिकता बनी रहेगी। आज आप जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए शानदार बना रहेगा। आज किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है और आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। आज टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस में आप अच्छा धन लाभ कमाएंगे। आज टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्तियों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे।

# 12वीं से पहले छूट रही है छात्राओं की पढ़ाई

**संदीप कुलश्रेष्ठ**

देश में सरकारी स्कूलों की संख्या लगातार घट रही है। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में बच्चे कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। सबसे अधिक चिंता लड़कियों की पढ़ाई की है। 12वीं तक पहुंचते-पहुंचते लगभग हर दूसरी छात्रा स्कूल छोड़ देती है।

**5 वर्षों में 17,141 सरकारी स्कूल कम -**

पिछले दिनों लोकसभा में इस संबंध में पेश आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में सरकारी स्कूलों की संख्या जहां वर्ष 2021-22 के दौरान 10,22,386 थी, वहीं 2025-26 में यह संख्या घटकर 10,05,245 रह गई है। अर्थात पिछले 5 सालों में ही 17,141 सरकारी स्कूल कम हो गए। यह हालत चिंताजनक है।

**12 वीं तक पहुँचने वाली लड़कियों की हिस्सेदारी कम हुई -**

संसद में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार 12वीं तक पहुंचने वाली लड़कियों की हिस्सेदारी 2025-26 में सिर्फ 55 प्रतिशत रह गई, अर्थात 100 लड़कियों में से केवल 55 छात्राएं ही 12वीं तक की पढ़ाई जारी रख पाती है। यही नहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बच्चों की पहुंच भी लक्ष्य से काफी दूर है। साल 2025-26 में इस स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों का दाखिला 75.2 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के बच्चों का प्रतिशत 71 दर्ज किया गया।

**तीन राज्यों में हालत और खराब -**

देश के मेघालय, अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड जैसे राज्यों में स्थिति और खराब है। यहां 12वीं तक पहुंचने वाली लड़कियों की संख्या




राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले बच्चों के आँकड़े भी बताते है कि माध्यमिक शिक्षा तक भी सभी बच्चे नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**संसदीय समिति ने उजागर की शिक्षा की दयनीय हालत**

दूसरी ओर संसद की समिति ने देश में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। वर्ष 2024-25 के आँकड़ों के अनुसार 10 लाख 92 हजार सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 1 लाख 61 हजार माध्यमिक और 90 हजार 866 उच्च माध्यमिक स्तर के स्कूल है। प्राथमिक से हायर सेकेंडरी अर्थात 12वीं तक छात्र और छात्राओं की संख्या 6 करोड़ 18 लाख से घटकर मात्र 1 करोड़ 64 लाख रह जाती है। संसदीय समिति ने उसे करीब 73 प्रतिशत छात्र और छात्राओं के हायर सेकेंडरी पूरा करने से पहले ड्रॉप आउट के रूप में दर्ज किया है। यह हालत अत्यन्त चिंताजनक है।

**स्कूल अपग्रेड करने की सिफारिश**

स्ंसदीय समिति ने स्कूलों की कमी और छात्रों की संख्या में गिरावट को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए सिफारिश की है कि प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय और माध्यमिक स्कूलों को हायर सेकेंडरी तक अपग्रेड किया जाए। इससे छात्रों को अपनी आसपास की उच्च कक्षाओं की पढ़ाई उपलब्ध हो सकेगी और इससे ड्रॉप आउट घटाने में मदद भी मिल सकेगी।

**केन्द्र और राज्य शासन मिलकर करें प्रयास -**

शिक्षा की खस्ताहाल स्थिति को सुधारने के लिए केन्द्र और राज्य शासन को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि एनईपी 2020 में शिक्षा पर सार्वजनिक खर्च को जीडीपी के 6 प्रतिशत तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया था। संसदीय समिति के अनुसार केन्द्र और राज्यों का संयुक्त शिक्षा खर्च जीडीपी का मात्र 4.1 प्रतिशत ही है। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि एनईपी 2020 में तय किए गए जीडीपी के लक्ष्य तक पहुंचने के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। इसलिए केन्द्र और राज्य सरकार दोनों को इस दिशा में गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है, तभी स्थिति सुधर पायेगी।

# नितिन नवीन की नई टीम का ऐलान, स्मृति ईरानी सहित कई चेहरों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को अपनी नई टीम का ऐलान किया गया है। इस टीम में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के मकसद से कई अहम चेहरों को जगह दी गई है। पार्टी की ओर से इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई।

पार्टी की ओर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी पीयूष गोयल, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेश मंगल को दी गई है। वहीं, राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी बी.एल संतोष को दी गई है। उधर, सहायक मंत्री पद की जिम्मेदारी शिप्रकाश और सौदान सिंह को दी गई है। वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव और वंसुधरा राजे को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत पांडा, डी पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्र भाई दोशी, भारती प्रवीण पवार, मनप्रीत सिंह बादल, लाला सिंह आर्य, एम नागराज, तारिक मंसूर, मधुचंद्र कर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी की ओर से 13 नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, पार्टी की ओर से महामंत्री पद के लिए आठ नेताओं के नाम पर मुहर लगाई गई। इसमें प्रमुख रूप से विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लव कुमार देव, स्मृति ईरानी, सतीश पुनिया, गजेंद्र



पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया का नाम शामिल है। साथ ही, राष्ट्रीय मंत्री पद पर प्रमुख रूप से कविता पाटीदार, के सुरेंद्रन, भोला सिंह, प्रदीप यादव , जगदीश ईश्वर भाई पटेल, संदीप पाठक, फांग्नोन कोन्यक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, एम वेंकटेशन, मनोज टिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, स्वदेश सिंह, मृगांका देव बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश का नाम शामिल है।वहीं, नितिन नवीन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## सरकारी आवास में नेवी जवान, पत्नी और 2 बच्चों के शव बरामद, इलाके में मचा हड़कंप; मौत की गुत्थी उलझी

मुंबई,(आरएनएस)। मुंबई के कफ परेड इलाके के नेवी नगर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से सनसनी फैल गई। भारतीय नौसेना के 30 वर्षीय नाविक पुरनमल शंभूलाल मेहरा, उनकी 28 वर्षीय पत्नी ओमा और उनके दो बच्चे सरकारी आवास में मृत पाए गए। तीन साल के बेटे यश और दो महीने की बेटी के शव बेड पर मिले, जबकि पुरनमल का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना 15 अगस्त की रात कफ परेड पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जे.जे. अस्पताल भेजा गया। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई कि पुरनमल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चों की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई हो सकती है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत, हाईकोर्ट की सुनवाई पर रोक



नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति के आरोपों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 20 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर शिकायतकर्ता, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) समेत संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने उनके खिलाफ लगाए गए आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच के लिए सीबीआई और ईडी को कानून के तहत उचित कार्रवाई करने की छूट दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों जांच एजेंसियों और अन्य अधिकारियों से कहा है कि वे फिलहाल इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष कोई रिपोर्ट दाखिल न करें।सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से भी कहा है कि वह 20 अगस्त को प्रस्तावित सुनवाई को तब तक स्थगित रखे, जब तक शीर्ष अदालत इस मामले में आगे सुनवाई नहीं कर लेती। हालांकि, यह अंतरिम व्यवस्था है और मामले में अंतिम निर्णय बाद की सुनवाई में होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिलहाल मामले की जांच से संबंधित रिपोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल नहीं की जा सकेगी और 20 अगस्त की सुनवाई भी टल गई है। शीर्ष अदालत अब राहुल गांधी की याचिका पर आगे सुनवाई करेगी और संबंधित पक्षों के जवाब मिलने के बाद मामले में अगली दिशा तय होगी।यह मामला कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से की गई शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के पास उनकी घोषित आय के मुकाबले अधिक संपत्ति है और इस संबंध में जांच की आवश्यकता है। मई में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि यदि राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है और उसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं, तो आरोपों की सत्यता की जांच की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा था कि सीबीआई या ईडी कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने जांच की प्रगति से उसे अवगत कराने को भी कहा था।

## प्रशांत किशोर ने विधायक के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली, कहा-विधानसभा का सदस्य बनना गर्व की बात



पटना, (आरएनएस)। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को विधायक पद की शपथ ली। बिहार विधानसभा के मुख्य भवन में स्थित विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के कार्यालय कक्ष में प्रशांत किशोर ने विधानसभा सभा सदस्य के तौर पर शपथ ली।

बिहार विधानसभा के स्पीकर प्रेम कुमार ने उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, जन सुराज के प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक और विधायक प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बिहार विधानसभा का सदस्य बनना बहुत गर्व की बात है, जहां भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर, नीतीश कुमार और लालू यादव जैसे लोगों ने सदस्य के तौर पर सेवा की है। इनके साथ ही, सैकड़ों अन्य विधायकों और सदन के सदस्यों ने समाज और राज्य की बेहतरी के लिए अपने जीवन के कीमती साल समर्पित किए हैं। इन सभी से प्रेरणा के लिए प्रदेश और समाज के लिए कुछ कर सकें, यही सोच है।

लखीसराय के अशोक धाम मंदिर में मची भगदड़ पर कहा, हमें अभी-अभी जानकारी मिली है। हम वहाँ जाएंगे। किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को हराकर जन सुराज पार्टी के पहले निर्वाचित विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया। यह परिणाम चुनावी राजनीति में प्रवेश करने के बाद किशोर की पहली चुनावी जीत थी और अपेक्षाकृत नई पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी।

## आतंकी गुट शहजाद भट्टी नेटवर्क का खात्मा, 200 से अधिक दहशतगर्द गिरफ्तार, सरकार ने दी जानकारी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित शाहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी बहु-राज्यीय कार्रवाई कर इस आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा-पार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 14 राज्यों में 253 लोग हिरासत में लिए गए हैं और नेटवर्क के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी समूह 'शहजाद भट्टी नेटवर्क' को खत्म कर दिया और संगठन के 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगह पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त किया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है।अमित शाह ने कहा, आईएसआई से फंड पाने वाले इस गुट के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें आईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे। यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था।

## स्वतंत्रता दिवस पर युवक ने इंस्टाग्राम पर लगाया पाकिस्तानी झंडा, पुलिस घर पहुंची तो सामने आई ये सच्चाई



चंदौसी,(आरएनएस)। देशभर में जहां एक तरफ 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का जश्न पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था, वहीं इंटरनेट मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट ने सनसनी फैला दी। चंदौसी के कुढ़ फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तानी झंडे का स्टेटस लगाने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। इस विवादित पोस्ट के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में उसके घर जा पहुंची, जिसके बाद गांव में भी भारी खलबली मच गई।

**पाकिस्तानी झंडे के साथ लगाया देशभक्ति गीत**

यह पूरा विवाद कुढ़ फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव फतेहपुर डाल से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर डाल निवासी तालिब खान नाम के युवक ने 15 अगस्त के दिन अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक बेहद भड़काऊ और विवादित स्टेटस पोस्ट किया था। इस स्टेटस में उसने पाकिस्तानी झंडे की तस्वीर लगाई थी और उसके बैकग्राउंड में एक देशभक्ति गीत बज रहा था। देखते ही देखते यह वीडियो और स्क्रीनशॉट इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने लगे, जिसके बाद यह मामला पुलिस के संज्ञान में आ गया।

**घर पहुंची पुलिस तो नदारद मिला आरोपी, पिता ने किया ये खुलासा**

इस आपत्तिजनक पोस्ट की भनक जैसे ही पुलिस को लगी, तो दोपहर करीब 2 बजे कुढ़ फतेहगढ़ थाना पुलिस मामले की जांच के लिए सीधे आरोपी तालिब के घर पहुंच गई। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जब पुलिस की टीम घर पहुंची, तो आरोपी युवक वहां मौजूद नहीं था। घर पर सिर्फ उसके पिता मिले। पूछताछ के दौरान पिता ने पुलिस को बताया कि तालिब रोजी-रोटी के लिए दिल्ली में रहता है। वह वहां मूंगफली बेचने और मौसम के हिसाब से मजदूरी करने का काम करता है। पिता ने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे की इस हरकत और इंटरनेट मीडिया की पोस्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और लोगों की नजर में आए उस विवादित फोटो और स्टेटस को इंस्टाग्राम से तुरंत हटवा दिया है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे गंभीर मामले की विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

## पौड़ी हाईवे पर धमके हाथी, टैंपो ट्रैवलर समेत चार वाहन किए क्षतिग्रस्त

कोटद्वार, (आरएनएस )। पौड़ी हाईवे पर सिद्धबली मंदिर और लालपुल के बीच सोमवार सुबह हाथी आ धमके जिन्हें देखकर हाईवे पर जाम लग गया। हाथियों को देखकर वाहन चालकों और राहगीरों में दहशत है। जान बचाने के लिए कई लोग अपने वाहन छोड़कर भागे। हाथियों ने टैंपो ट्रैवलर समेत चार वाहनों को क्षतिग्रस्त किया।सुबह करीब 6:30 बजे सिद्धबली मंदिर से कुछ ही फासले पर स्थित लालपुल के समीप एक मोड़ पर हाथियों का झुंड पहुंचा। इसी दौरान हाथियों के नजदीक पहुंचे एक टैंपो ट्रैवलर का शीशा हाथी ने तोड़ दिया। इससे वाहन में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। चालक और यात्री वाहन छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। हाथियों ने टैंपो ट्रैवलर के अलावा दो कार और एक बाइक को भी नुकसान पहुंचाया।

करीब डेढ़ घंटे तक हाथियों के हाईवे पर डटे रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कोटद्वार से पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूल-कॉलेजों में जाने वाले शिक्षक व कर्मचारी भी जाम के कारण देरी से गंतव्य तक पहुंचे। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद हाथियों को हाईवे से दूर किया गया।करीब 11:30 बजे हाथियों का झुंड दोबारा हाईवे के दूसरी तरफ पहुंच गया।

वन कर्मियों ने उन्हें फिर जंगल की ओर खदेड़ा। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। लैंसडौन के नवनियुक्त डीएफओ गौरव वर्मा ने बताया कि लालपुल के समीप हाथियों के झुंड आने की सूचना मिलते ही वन कर्मी मौके पर पहुंच गए थे। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने हाईवे पर आवाजाही के दौरान लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब बनी 'दिमागी नक्सल पार्टी', इंस्टाग्राम पर 24 घंटे में हुए 1.7 लाख फॉलोअर्स




नई दिल्ली, (आरएनएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बाद अब 'दिमागी नक्सल पार्टी' नाम से सामने आया एक नया अकाउंट चर्चा का विषय बन गया है। दावा है कि इस अकाउंट ने महज 24 घंटे के भीतर 1.7 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुटा लिए। हालांकि, अकाउंट के पीछे कौन व्यक्ति या समूह है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।इंस्टाग्राम पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अकाउंट इसी महीने बनाया गया है। अकाउंट के रिकॉर्ड में यूजरनेम बदले जाने का भी उल्लेख है। अब तक इस पर करीब 63 पोस्ट अपलोड की जा चुकी हैं और यह लगभग 35 अकाउंट्स को फॉलो करता है। तेजी से बढ़े फॉलोअर्स के कारण यह अकाउंट सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है।

पीएम मोदी के बयान के बाद चर्चा में आया नाम

यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए संबोधन के बाद चर्चा में आया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा था कि जंगलों में हथियार उठाने वाले नक्सलवाद को काफी हद तक समाप्त किया जा चुका है, लेकिन 'दिमागी नक्सल' अब भी सक्रिय हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि ऐसे तत्व हिंसा के नए तरीके तलाश रहे हैं और देश को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें अलग-थलग करने की जरूरत पर जोर दिया था। रिजिजू ने भी दी थी 'दिमागी नक्सल' की व्याख्या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'दिमागी नक्सल' शब्द की व्याख्या की थी। उनके अनुसार, यह शब्द उन लोगों के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है जो माओवादियों का समर्थन करते हैं, संविधान को स्वीकार नहीं करते या अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं।

रिजिजू ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समर्थन और पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की कथित साजिश जैसे मुद्दों का भी उल्लेख किया था।

अकाउंट की पहचान और संचालन पर सवाल

'दिमागी नक्सल पार्टी' नाम सामने आने के बाद इसके तेजी से लोकप्रिय होने को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अकाउंट किसी व्यक्ति, समूह, व्यंग्यात्मक अभियान या संगठित सोशल मीडिया गतिविधि का हिस्सा है। अकाउंट संचालक की पहचान और इसके पीछे की मंशा की स्वतंत्र पुष्टि भी नहीं हुई है।

सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की तेजी से बढ़ती संख्या ने फिलहाल इस अकाउंट को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# एअर इंडिया के 2 और पायलट ड्रग टेस्ट में फेल, फ्लाइट रोस्टर से हो गई छुट्टी




नई दिल्ली,(आरएनएस)। फुकेत-दिल्ली एयर इंडिया उड़ान में पायलट के कथित तौर पर ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद एयरलाइन की ओर से शुरू की गई जांच में दो और पायलट शुरुआती ड्रग टेस्ट में पास नहीं हो सके हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पायलटों को फिलहाल ड्यूटी से हटा दिया गया है और उनके अंतिम टेस्ट के नतीजों का इंतजार किया जा रहा है।

एयर इंडिया ने घटना के बाद अपने सभी पायलटों के ड्रग टेस्ट कराने का फैसला लिया था। यह जांच एयरलाइन की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत की जा रही है। अब तक 300 से अधिक पायलटों का परीक्षण किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, अंतिम जांच रिपोर्ट आने में सामान्यत: 24 से 48 घंटे का समय लग सकता है।

केबिन क्रू की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

सूत्रों के मुताबिक, फुकेत-दिल्ली उड़ान में मौजूद केबिन क्रू के एक सदस्य ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि उड़ान से पहले पायलट ने कथित तौर पर गांजा का सेवन किया था। शिकायत के बाद पायलट का ड्रग टेस्ट कराया गया, जिसकी प्रारंभिक रिपोर्ट पॉजिटिव आने की बात सामने आई।

हालांकि, किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अंतिम कार्रवाई फाइनल टेस्ट रिपोर्ट और संबंधित जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही की जाएगी।

**टर्बुलेंस के दौरान 300 फीट नीचे आया था विमान**

यह मामला 4 अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान AI 2379 में हुई टर्बुलेंस की घटना के बाद सामने आया। एयरबस A320 विमान में 137 यात्री और आठ क्रू सदस्य समेत कुल 145 लोग सवार थे। उड़ान के दौरान विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गया था, जिससे लगभग 24 लोग घायल हो गए थे।

घटना के बाद विमान के पायलट-इन-कमांड का ड्रग टेस्ट कराया गया था। उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने की बात सामने आने के बाद एयरलाइन ने अपने सभी पायलटों की जांच कराने का निर्णय लिया।

## सरकार के 100 दिन पूरे होने पर CM विजय का मास्टरस्ट्रोक, किसानों का 75 हजार तक का कर्ज किया माफ

चेन्नई ,(आरएनएस)। तमिलनाडु में सत्ता की कमान संभाल रहे मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय (थलपति विजय) ने अपनी सरकार के सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे होने के खास मौके पर राज्य के अन्नदाताओं को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। सीएम विजय ने किसानों को आर्थिक संकट से भारी राहत देते हुए सोमवार को 75,000 रुपये तक के सहकारी कृषि ऋण (लोन) को पूरी तरह से माफ करने का ऐतिहासिक ऐलान किया है। चुनाव से लेकर अब तक किसानों के हक में लगातार आवाज उठाने वाले मुख्यमंत्री के इस बड़े फैसले से लाखों किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।

पैसों की तंगी के बावजूद उठाया कदम, विधानसभा में की घोषणा

विधानसभा में नियम 110 के तहत इस बंपर लोन माफी का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि कृषि ही राज्य की असली रीढ़ है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की असली समृद्धि किसानों के सहयोग पर ही निर्भर करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के सामने कई तरह की वित्तीय बाधाएं खड़ी हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने अन्नदाताओं के हित को सर्वोपरि रखते हुए उन्हें 953.06 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता देने का साहसिक फैसला लिया है। सरकार की इस कार्यशैली की झलक मई महीने में भी देखने को मिली थी, जब पद संभालने के महज 15 दिनों के भीतर ही 50,000 रुपये तक के कृषि ऋण माफ कर दिए गए थे। इस योजना के तहत किसानों को मिलने वाली राहत का दायरा काफी बड़ा रखा गया है। नई घोषणा के अनुसार, अब 75,000 रुपये तक के सहकारी कृषि लोन पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके साथ ही जिन किसानों का ऋण 75,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये के बीच है, उन्हें भी 75,000 रुपये तक की भारी छूट दी जाएगी।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने भारतीय थल सेनाध्यक्ष को मानद महारथी उपाधि प्रदान की



काठमांडू,(ए.)। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ को नेपाली सेना के मानद महारथी (ऑनरेरी आर्मी चीफ) की उपाधि प्रदान की है। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में एक विशेष समारोह में सोमवार को राष्ट्रपति पौडेल ने जनरल सेठ को नेपाली सेना के मानद महारथी की उपाधि का दर्ज्यानी चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति रामसहाय यादव, नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल अशोक सिग्देल, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

वर्ष 1950 से चली आ रही दोनों देशों के सेना प्रमुखों को एक-दूसरे की सेना के मानद महारथी की उपाधि प्रदान करने की परंपरा को इस यात्रा के साथ भी निरंतरता मिली है।नेपाली सेना के प्रधानसेनापति अशोकराज सिग्देल के निमंत्रण पर जनरल धीरज सेठ तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान काठमांडू में हैं।

## बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के 26 सैन्य अधिकारी मारे

इस्लामाबाद, (ए.)। बलोचिस्तान को पाकिस्तान से स्वतंत्र कराने के लिए सशस्त्र अभियान का नेतृत्व कर रहे संगठन ने सेना को भारी क्षति पहुंचाई है। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के प्रवक्ता जयंद (जैंद) बलोच ने मीडिया को भेजे बयान में कहा कि पाकिस्तान के क्रूर शासकों के इशारों पर कत्लेआम करने वाली संघीय सेना से बदला लिया गया है। बीएलए के लड़ाकों ने बलोचिस्तान में आठ दिनों में 26 सैन्य अधिकारियों को मार गिराया है।द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की सेना ने पिछले दिनों सोराब और पंजगुर में निर्दोष लोगों और कैदियों का नरसंहार कर बर्बरता की सारी हदें लांघ दी। यह देखकर हर देशप्रेमी का खून खौल उठा। जैंद बलोच ने 16 अगस्त को देरशाम भेजे बयान में कहा कि विद्रोहियों ने आठ दिन में 22 अलग-अलग स्थानों पर पाकिस्तान सेना और मौत के दस्तों के ठिकानों पर हमला कर 26 सैन्य अफसरों को मार गिराया। इस दौरान मौत के दस्ते के एक सदस्य को जीवित दबोच लिया।जैंद बलोच के मुताबिक, विद्रोहियों ने थानों और सुरक्षा चौकियों समेत कई पुलों को विस्फोट कर उड़ा दिया। नौ सरकारी वाहनों को उड़ा दिया। इस दौरान बीएलए के दो कमांड भी शहीद हो गए। यह झड़पें 9 अगस्त से 16 अगस्त के बीच हुईं। बीएलए विद्रोहियों ने इस दौरान प्रमुख रूप से सैन्य ठिकानों और थानों से सैकड़ों हथियार लूट लिए। 12 अगस्त को दिन में चगाई में चेथर थाने को विस्फोट कर उड़ा दिया गया।

# रूस-यूक्रेन जंग : भारतीय बिजनेसमैन लक्ष्मी मित्तल के स्टील प्लांट पर मिसाइल हमला, 2 की मौत; रोकना पड़ा उत्पादन

कीव/मॉस्को (ए.)। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब और भी खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रिह में भारतीय मूल के अरबपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 कर्मचारी घायल हुए हैं। हमले के कारण प्लांट के मुख्य ऊर्जा और ब्लास्ट-फर्नेस ऑपरेशंस को नुकसान पहुंचा, जिसके चलते उत्पादन आंशिक रूप से रोकना पड़ा।आर्सेलरमित्तल क्रिवी रिह ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी एक साइट को निशाना बनाया गया। कंपनी के मुताबिक, नुकसान के कारण उसके संचालन पर असर पड़ा है और कुछ गतिविधियों को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा।रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले के बाद यूक्रेन ने भी रूस के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि रातभर देश के अलग-अलग हिस्सों में 822 यूक्रेनी ड्रोन को रोका गया। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रे वोरोब्योव ने इसे हाल के समय के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक बताया।वोरोब्योव के अनुसार, मॉस्को क्षेत्र में एक निजी घर पर ड्रोन गिरने से 83 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो



गई। पोडोल्स्क शहर में हुए एक अन्य हमले के बाद ऑनलाइन रिटेल कंपनी वाइल्डबेरीज के गोदाम में आग लग गई। यह कंपनी रूस की अरबपति कारोबारी तात्याना किम से जुड़ी है।मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि राजधानी की ओर बढ़ रहे करीब 600 ड्रोन का पता लगाया गया। इनमें से लगभग एक-तिहाई को मॉस्को क्षेत्र के ऊपर ही नष्ट कर दिया गया। हमलों के बाद मॉस्को और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया।रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने बताया कि तीन शहरों को भी ड्रोन हमलों से निशाना बनाया गया। उनके मुताबिक, 150 से अधिक ड्रोन से हुए हमलों में पांच लोगों की मौत हुई। कई घरों और एक रेलवे स्टेशन को नुकसान पहुंचा, जबकि जंगल में भी आग लग गई।रूस के हमलों का असर यूक्रेन के कई इलाकों में देखने को मिला। दक्षिण-पूर्वी जापोरिज्जिया क्षेत्र में दो लोगों की मौत हुई, जबकि सुमी के सीमावर्ती इलाके और पूर्वी डोनेट्स्क में भी एक-एक व्यक्ति की जान गई। राजधानी कीव में कई जगह आग लगने से छह लोग घायल हुए। कीव के एक बड़े बुक मार्केट में भी आग लग गई। पोचाइना मेट्रो स्टेशन के पास बने कई कियोस्क जलकर खाक हो गए।यूक्रेन ने इस साल रूस के खिलाफ अपने हमले तेज किए हैं। लंबी दूरी की मिसाइलों और ड्रोन के जरिए रूसी सैन्य उद्योगों, ऊर्जा प्रतिष्ठानों और लॉजिस्टिक्स से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं रूस लगातार यूक्रेन के शहरों और महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है।

# कांगो में इबोला : देश के इतिहास का सबसे घातक प्रकोप, 2,300 से ज्यादा लोगों की मौत



किन्शासा (ए.)। इबोला अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) पर कहर बनकर टूटा है। आंकड़ों के लिहाज से ये देश के इतिहास का सबसे घातक प्रकोप बन गया है। संक्रमण से मरने वालों की संख्या 2,300 का आंकड़ा पार कर गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकोप ने 2018-20 के उस इबोला संकट को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसमें 2,299 लोगों की मौत हुई थी।स्वास्थ्य अधिकारियों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, इस बार संक्रमण तेजी से फैल रहा है और देश के कई प्रांत इसकी चपेट में आ चुके हैं। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में इतुरी प्रांत शामिल है, जहां स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।इबोला एक अत्यंत संक्रामक और गंभीर वायरल बीमारी है। संक्रमित व्यक्ति के रक्त और शरीर के अन्य तरल पदार्थों के सीधे संपर्क से इसका संक्रमण फैल सकता है।इस प्रकोप को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि बड़ी संख्या में नए संक्रमित लोगों का पहले से निगरानी में रहे मरीजों से कोई स्पष्ट संपर्क सामने नहीं आ रहा है। इसका मतलब है कि संक्रमण की श्रृंखला का पता लगाना स्वास्थ्यकर्मियों के लिए मुश्किल होता जा रहा है।कांगो में जारी संघर्ष, लोगों का विस्थापन, कमजोर स्वास्थ्य ढांचा और प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। बड़ी संख्या में लोगों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के कारण संक्रमण के नए क्षेत्रों में पहुंचने का खतरा भी बना हुआ है। मौजूदा प्रकोप में बुंडिबुग्यो स्ट्रेन का वायरस सामने आया है। इस स्ट्रेन के खिलाफ फिलहाल व्यापक रूप से उपलब्ध और स्वीकृत विशिष्ट उपचार या वैक्सीन की कमी चुनौती बनी हुई है। वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संगठन संभावित टीकों तथा उपचारों पर काम कर रहे हैं।डब्ल्यूएचओ और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी संक्रमित लोगों को जल्द पहचानने, उन्हें अलग रखने और उनके संपर्क में आए लोगों की निगरानी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन बीमारी की देर से पहचान और इलाज तक पहुंच में मुश्किलें मृत्यु दर को बढ़ा रही हैं।

## अमेरिका से बातचीत विफल हुई तो होर्मुज में आक्रामक रुख अपनाएगा ईरान

दुबई, (ए.)। अमेरिका के साथ स्थायी शांति समझौते को लेकर बातचीत में गतिरोध के बीच ईरान ने अपनी नीति रक्षात्मक से बदलकर "पूरी तरह आक्रामक" करने की चेतावनी दी है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कूटनीतिक प्रयास विफल होने पर ईरान रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने के लिए सैन्य कार्रवाई कर सकता है।अधिकारी के अनुसार, ईरान तनाव बढ़ने की स्थिति के लिए तैयार है और जरूरत पड़ने पर "समय पर और सटीक" सैन्य हमला किया जाएगा। होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है, इसलिए यहां तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है।ईरान और अमेरिका के बीच जून में हुए समझौता ज्ञापन के तहत 60 दिनों के भीतर युद्ध समाप्त करने और व्यापक मुद्दों पर समझौता करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य के नियंत्रण को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेद बढ़ गए और समझौता पटरी से उतर गया।

तेहरान का दावा है कि समझौते के एक प्रावधान के तहत उसे जलडमरूमध्य के प्रबंधन का अधिकार है, जबकि अमेरिका इस व्याख्या को खारिज करता है। ईरान ने आगे की बातचीत के लिए अमेरिका से पहले समझौते की सभी शर्तें लागू करने की मांग की है।इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर सख्त रुख दोहराते हुए कहा है कि उनका मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार हासिल न कर सके। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव से क्षेत्र में संघर्ष और तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

## फीचर

# अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में गर्भवती महिला के किरदार में होंगी दीपिका,जाह्नवी और रश्मिका के किरदारों का भी खुलासा

अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म राका का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एटली के निर्देशन में बन रही ये एक्शन थ्रिलर है, जिससे अभिनेता का पहला लुक आने के बाद फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह का माहौल है। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं, जो पहली बार अल्लू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। रश्मिका मंदाना और जाह्नवी कपूर भी इसका हिस्सा हैं। हालिया रिपोर्ट में इन सभी की भूमिकाओं को लेकर अपडेट आया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राका में दीपिका को एक गर्भवती महिला के किरदार में देखा जाएगा, जिसका जीवन-मरण का संघर्ष फिल्म के भावनात्मक पहलुओं में से एक है।

बताया जा रहा है कि उनका किरदार फिल्म के पौराणिक वैदिक युग में फिल्माए जा रहे विशाल संसार में शामिल होगा।




दिलचस्प बात ये है कि दीपिका असल जिंदगी में भी गर्भवती हैं और गर्भावस्था के तीसरे चरण में अपने दृश्यों की शूटिंग को जारी रख रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जाह्नवी इसमें एक आदिवासी रानी, एक निडर और शक्तिशाली नेता का किरदार निभाएंगी, जो फिल्म की कहानी में अहम भूमिका निभाएगी।

रश्मिका को एक मार्गदर्शक और रक्षक की भूमिका में देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि उनका किरदार, दीपिका को राका की खतरनाक दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करता है और उसके अस्तित्व की लड़ाई में अहम भूमिका निभाता है। लगभग 1,000 करोड़ रुपये के बजट वाली ये फिल्म 2027 में रिलीज होगी।

# फिल्म सरदार 2 से आशिका रंगनाथ का फर्स्ट लुक जारी




टैलेंटेड और खूबसूरत एक्ट्रेस आशिका रंगनाथ आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें हर तरफ से बधाईयां मिल रही हैं। हाल ही में, उनकी आने वाली फिल्म सरदार 2 के मेकर्स ने फिल्म से आशिका का फर्स्ट लुक जारी किया है।

वह बेहद खूबसूरत, आकर्षक और ग्लैमरस लग रही हैं और उनकी आँखों में एक खास चमक है। उन्हें किताबों से भरी अपनी डेस्क पर बैठे और गहरी नज़र से देखते हुए दिखाया गया है। इस फिल्म में सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन पी.एस. मित्रन कर रहे हैं और यह हिट फिल्म सरदार का सीक्वल है।

फिल्म के प्रमोशन और टीज़र को हर तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म में मालविका मोहनन दूसरी मुख्य अभिनेत्री हैं और इसका संगीत सैम सी.एस. ने तैयार किया है। योगी बाबू भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

प्रिंस पिक्चर्स के बैनर तले एस. लक्ष्मण कुमार और ईशान सक्सेना इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म अन्नपूर्णा स्टूडियोज़ के बैनर तले तेलुगु में रिलीज़ की जा रही है।

# शाम होते ही क्यों महसूस होने लगती है एक कप चाय की तलब?



शाम होते ही अगर आप एक कप चाय की तलब महसूस करने लगते हैं तो यकीनन आप अकेले नहीं हैं। यह एक आम आदत है, लेकिन क्या आपने कभी इसके पीछे का कारण सोचा है? इस लेख में हम इस आदत के पीछे के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक कारणों को समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही जानेंगे कि यह आदत आपकी दिनचर्या को कैसे प्रभावित कर सकती है और इसे कैसे स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है।

### दिन का अंत करने का संकेत

शाम का समय अक्सर दिन की गतिविधियों का अंत करने का संकेत देता है। यह एक ऐसा समय होता है, जब हम अपने दिनभर के कामों को समेटते हैं और आराम करने की तैयारी करते हैं।

एक कप चाय पीने से मन और शरीर, दोनों को आराम मिलता है। यह एक तरह से मानसिक संकेत भी होता है कि अब वक्त है खुद के लिए थोड़ा समय निकालने का और दिनभर की भागदौड़ के बाद थोड़ी शांति पाने का।

### सामाजिक जुड़ाव का मौका

शाम की चाय अक्सर परिवार या दोस्तों के साथ बैठकर पी जाती है, जिससे आपस में जुड़ाव बढ़ता है। यह समय बिताने का एक अच्छा तरीका है, खासकर उन लोगों के लिए, जो दिनभर काम करते हैं और शाम को अपने परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताते हैं।

इस प्रकार चाय पीने का यह समय न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इससे आपसी संबंध मजबूत होते हैं और तनाव कम होता है।

### आराम और शांति का अनुभव

शाम की चाय पीने से शरीर और मन, दोनों को आराम मिलता है। गर्म तरल पदार्थ पीने से शरीर को ठंडक महसूस होती है और मन शांत होता है।यह आदत खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद होती है, जो दिनभर की भागदौड़ से थके-हारे होते हैं। चाय की गर्माहट और इसकी ताजगी भरी खुशबू मन को सुकून देती है और शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है।इससे आप रातभर की नींद के लिए तैयार हो जाते हैं।

### सेहत के फायदे

चाय में मौजूद फायदेमंद तत्व सेहत के लिए अच्छे होते हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन सुधारने और ऊर्जा देने में मदद कर सकते हैं।इसलिए, शाम की चाय पीना न केवल आरामदायक होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं और दिनभर की थकान मिटाते हैं।इसके अलावा यह मानसिक शांति भी प्रदान करती है, जिससे आप रातभर की अच्छी नींद ले सकते हैं।

### मानसिक संतुलन बनाए रखना

शाम की चाय पीने से मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। यह आदत तनाव कम करने और मानसिक शांति पाने में सहायक है।नियमित रूप से चाय पीने से व्यक्ति अधिक सकारात्मक महसूस करता है और उसकी सोच स्पष्ट होती जाती है। इस प्रकार शाम की चाय न केवल एक साधारण पेय है, बल्कि जीवनशैली और मानसिक सेहत पर गहरा प्रभाव डालती है।

इसे अपनाकर हम अपने जीवन को अधिक संतुलित और स्वस्थ बना सकते हैं।

# रसोई में खुली शेल्फ बनवाना इन दिनों कर रहा है ट्रेंड, जानिए इसके कुछ फायदे



आजकल रसोई में खुली शेफ बनवाने का चलन काफी बढ़ गया है। इस ट्रेंड में रसोई की अलमारियों को बंद रखने के बजाय खुला रखा जाता है, जिससे सामान आसानी से दिखता है और उन्हें ढूंढने में समय नहीं लगता। खुली शेल्फ न केवल देखने में आकर्षक लगती है, बल्कि यह काम करने में भी सहूलियत प्रदान करती है। आइए जानते हैं कि ये इतनी लोकप्रिय क्यों हो रही हैं।

### सामान की उपलब्धता में आसानी

खुली शेल्फ बनाने से आपको सभी सामान आसानी से दिख जाता है। इससे आपको बार-बार अलमारी खोलकर देखने की जरूरत नहीं पड़ती और समय बचता है।

खासकर जब आप जल्दी में होते हैं या किसी चीज की जरूरत होती है तो खुली शेफ बहुत काम आती हैं। इसके अलावा बच्चों को भी अपनी चीजें ढूंढने में आसानी होती है, जिससे उनका समय भी बर्बाद नहीं होता और वो सामान फैलते भी नहीं हैं।

### सजावट का बेहतरीन तरीका

खुली शेल्फ वाला लुक आपकी रसोई को सजाने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसमें आप अपने पसंदीदा बर्तनों, किताबों या पौधों को दिखा सकते हैं, जिससे रसोई का माहौल और भी खुशनुमा हो जाता है।

आप अलग-अलग आकार और डिजाइन के शेल्फ का उपयोग करके अपनी रसोई को एक अनोखा रूप दे सकते हैं। इसके अलावा आप विभिन्न रंगों का भी चयन कर सकते हैं, जो आपकी रसोई के बाकी हिस्सों के साथ मेल खाता हो।

### साफ-सफाई करना हो जाता है आसान

खुली शेल्फ वाली रसोई की सफाई करना बहुत आसान होता है। बंद अलमारियों की तरह इसमें धूल-मिट्टी जमा नहीं होती, जिससे आपको बार-बार सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ती।बस हफ्ते में एक बार हल्का-सा झाड़ू लगाकर या कपड़े से पोंछकर ही काम पूरा हो जाता है। इससे आपकी रसोई हमेशा साफ-सुथरी बनी रहती है और इसमें काम करना भी सहज होता है।

खुली शेल्फ रसोई को एक नया और आकर्षक रूप देता है।

### व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ें

खुली शेल्फ आपको अपनी रसोई में व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ने का मौका देती हैं। आप अपनी पसंदीदा किताबें, तस्वीरें या कोई अन्य सामान यहां रख सकते हैं, जिससे आपकी रसोई आपकी पहचान दर्शाएगी।

इससे आपकी रसोई भी खास बन जाती है और उसमें काम करना एक सुखद अनुभव होता है। इसके अलावा आप अपने बर्तनों और अन्य सामान को इस तरह से व्यवस्थित कर सकते हैं, जिससे वे आसानी से मिल सकें और देखने में भी अच्छे लगें।

# छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज, रायपुर समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## अगले तीन दिन रहेगा प्रभाव,उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार

रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में झमाझम बारिश का दौर जारी है. मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के ज्यादातर भारी बारिश हो रही है। आज के लिए प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के चलते छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। राजधानी रायपुर में सुबह से आसमान में काले बादलों ने डेरा डालने दिया है। साथ ही बारिश भी हो रही है. सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन चुकी है। अगले 3 दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने के आसार हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा हो सकती है।

प्रदेश के अधिकांश स्थानों में वर्षा हुई, जबकि उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों में भारी वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान पेण्ड्रा रोड में 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



अब तक का मौसमी सब-डिविज़नल वर्षा सामान्य रही है, जिसमें -9त्न का अंतर है।

**रायपुर में बरसे बादल**

राजधानी रायपुर में सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। हल्की बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान में बादल छाने के साथ बारिश की संभावना जताई है।

**बारिश कराने वाला सिस्टम एक्टिव**

उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी ओडिशा के तटों पर बना कम दबाव का क्षेत्र अब 15 अगस्त से उसी इलाके में एक अच्छी तरह से चिन्हित कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है। इसके चलते अगले 24 घंटे में और मजबूत होकर अवदाब बनने की संभावना है। सिस्टम के प्रभाव से अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

**रायपुर समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी**

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है. धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

## मिनीमाता हसदेव बांगो बांध का जलस्तर 94 प्रतिशत पारः 49,828 क्यूसेक पानी होगा डिस्चार्ज, निचले इलाकों में किया अलर्ट

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के मिनीमाता हसदेव बांगो जलाशय में लगातार बारिश के चलते पानी की आवक बढ़ गई है। सोमवार 17 अगस्त को बांध का जलस्तर 358.70 मीटर पहुंच गया है, जो कुल क्षमता का करीब 94.24 प्रतिशत है। पिछले 10 घंटे में जलस्तर में करीब 7 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। जलाशय में पानी की लगातार बढ़ती आवक को देखते हुए बांध के 9 गेट खुले हुए हैं। वर्तमान में करीब 41,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। अब पानी की निकासी और बढ़ाने की तैयारी है।

मिनीमाता हसदेव बांगो जलाशय में लगातार पानी की आवक को देखते हुए सुबह करीब 10 बजे गेटों से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ाई जाएगी। इसके तहत अतिरिक्त 8,828 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की जानकारी है। इसके बाद बांध से कुल करीब 49,828 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जाएगा। बांध से पानी छोड़ने का सिलसिला 16 अगस्त की सुबह 8.45 बजे से लगातार जारी है। इलाके में बारिश का दौर भी लगातार जारी है।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 9 बजे से लगभग दो घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद सोमवार सुबह भी बारिश जारी रही। पिछले करीब 45 मिनट से लगातार तेज बारिश होने के कारण जलाशय में पानी की आवक बढ़ने की संभावना बनी हुई है। बारिश और जलाशय में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और जल संसाधन विभाग की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

बांध से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। नदी, नाले और जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी का स्तर बढ़ सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के आसपास जाने से बचें और विशेष रूप से बच्चे एवं ग्रामीण नदी किनारे न जाएं। निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित स्थान की ओर जाने के लिए तैयार रहें।

## छात्रहित में लिया गया फैसला- मंत्री टंक राम वर्मा

रायपुर (आरएनएस)। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का मूल ध्येय प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचाना है। दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के कई मेधावी युवा विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण समय पर प्रवेश नहीं ले सके थे। हम नहीं चाहते कि तिथियों के फेर में किसी भी योग्य विद्यार्थी का एक साल खराब हो या वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाए। छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रवेश की तारीख 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करता हूँ कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। राज्य के जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अभी भी सीटें रिक्त हैं, वहाँ छात्र अब 31 अगस्त 2026 तक दाखिला ले सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्राचार्य स्तर पर प्रवेश की समय सीमा 31 जुलाई तक और कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक तय की गई थी। लेकिन अंतिम तिथि बीतने के बाद भी कई महाविद्यालयों में सीटें खाली रह गई थीं और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले कई अभ्यर्थी समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए शासन ने तिथि विस्तार का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

## विद्यार्थियों ने देखी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और 'वंदे मातरम्' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी

### स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा से विकसित छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर तक को एक मंच पर समेट रही प्रदर्शनी

रायपुर,(आरएनएस)। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के योगदान, अमर सेनानियों के शौर्य एवं बलिदान, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा राज्य की सुशासन और विकास यात्रा को प्रदर्शनी में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में बी.पी. पुजारी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, राजातालाब रायपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षिकाओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थी मानवी साहू, पलक साहू, योगिता विश्वकर्मा, आनंदित बोस और युगती सोनकर शिक्षिका अनवरी जावेद शेख एवं सुनील महर के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे। विद्यार्थियों ने विभिन्न छायाचित्रों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और प्रदर्शित सामग्री को उत्सुकता के साथ देखा तथा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर केंद्रित खंड है। इसमें 'वंदे मातरम्' की रचना से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रजागरण के प्रेरणादायी स्वर के रूप में इसकी भूमिका को ऐतिहासिक संदर्भों और छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शन के माध्यम से नई पीढ़ी को यह समझने का अवसर मिल रहा है कि स्वतंत्रता केवल संघर्ष और बलिदान का परिणाम नहीं, बल्कि देशवासियों की एकजुटता, राष्ट्रप्रेम और दृढ़ संकल्प की भी गौरवगाथा है।




( जशपुरनगर ) मुख्यमंत्री ने रेशम से रोशन जशपुर का किया शुभारंभ, रेशम से रोशन हो रहा जशपुर, टसर उत्पादन में प्रदेश में प्रथम स्थान।

## पॉश आरपी नगर में दिनदहाड़े चोरी का प्रयासः रिटायर्ड सीएसईबी कर्मी के घर का ताला तोड़कर घुसा आरोपी, पुलिस की पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

कोरबा (आरएनएस)। शहर में अपराधियों के हौसले बढ़ते नजर आ रहे हैं। कोरबा के पॉश इलाके आरपी नगर में दिनदहाड़े एक रिटायर्ड सीएसईबी कर्मी के घर चोरी का प्रयास किए जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।जानकारी के अनुसार, कोरबा निवासी त्रिभुवन गुप्ता किसी काम से दोपहर करीब 1 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर के अंदर प्रवेश कर गया। आरोपी ने छेनी और हथौड़े की मदद से दरवाजा तोड़ा और इसके बाद घर के अलग-अलग कमरों में तलाशी लेने लगा। हालांकि, घर में कोई खास कीमती सामान नहीं मिलने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आरपी नगर के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका रिहायशी और पॉश क्षेत्र है। ऐसे में दिनदहाड़े घर का दरवाजा तोड़कर किसी अज्ञात व्यक्ति का अंदर घुसना पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने पुलिस से इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाने, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने और संदिग्ध आरोपी की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी करने की मांग की है।आरोपी ने जिस तरह से घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर जाकर कमरों की तलाशी ली, उससे आशंका जताई जा रही है कि उसने वारदात से पहले घर की रेकी की हो सकती है।

# खेल समाचार

## सिनसिनाटी ओपन : जैमे फारिया ने किया बड़ा उलटफेर, बेन शेल्टन को एकतरफा मुकाबले में दी शिकस्त

सिनसिनाटी (आरएनएस)। सिनसिनाटी ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। पुर्तगाल के क्वालीफायर जैमे फारिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही फारिया ने शेल्टन की लगातार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फारिया ने एकतरफा मुकाबले में शेल्टन को 6-4, 6-4 से हराया। फारिया ने शेल्टन की धीमी शुरुआत का फायदा उठाया। शेल्टन पिछले हफ्ते मॉन्ट्रियल में मास्टर्स 1000 इवेंट जीतने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। यह जीत फारिया के करियर की टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत है और इसने शेल्टन के लगातार छह मैचों की जीत का सिलसिला भी तोड़ दिया है। दूसरे सेट में फारिया, शेल्टन से 1-4 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। शेल्टन के पास वापसी के कई मौके थे, लेकिन एटीपी स्टैट्स के अनुसार, वे फारिया के खिलाफ 12 में से सिर्फ 1 ब्रेक प्वाइंट ही भुना पाए। जीत के बाद फारिया ने कहा, यह मेरे और मेरी टीम के लिए बहुत भावुक पल है। शानदार दर्शकों के सामने घरेलू खिलाड़ी के खिलाफ और इतनी बेहतरीन जगह पर ऐसा करना इसे और भी खास बनाता है। अगले दौर में फारिया का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन से होगा, जिन्होंने रविवार को अपने दूसरे दौर के मैच में इग्नासियो बुसे को 6-4, 6-3 से हराया था।

इससे पहले, छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने ही देश के खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसेन को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में फ्रिट्ज का सामना डैनियल मेरिडा एगुइलर से होगा, जिन्होंने जिजू बर्ग्स को 6-3, 6-2 से हराया था। विश्व के नंबर 12वें खिलाड़ी लर्नर टियन ने भी सिनसिनाटी में जीत के साथ शुरुआत की। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, टियन ने सेबेस्टियन बाएज के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला फ्रांसिस टियाफो से होगा, जिन्होंने रविवार को दिन के आखिरी मैच में लोरेंजो सोनेगो को 6-3, 6-4 से हराया था।

## फुटबॉल प्रेमियों की बढ़ी धड़कने, रोनाल्डो जल्द ले सकते है रिटायरमेंट, किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली, (आरएनएस)। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने संकेत दिया है कि उनका शानदार फुटबॉल करियर मौजूदा सत्र के बाद समाप्त हो सकता है। रोनाल्डो ने स्वीकारा है कि यह 'संभवत: खेल में उनका आखिरी साल' है।

41 वर्षीय खिलाड़ी का सऊदी प्रो लीग के क्लब 'अल-नस्र' के साथ जून 2027 तक का करार है। पुर्तगाल के इस महानतम खिलाड़ी ने पहले ही कहा था कि वह रिटायरमेंट के करीब हैं, लेकिन अपने फुटबॉल करियर के लिए कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई है। हालांकि, रविवार को 'वोग' के साथ एक इंटरव्यू में रोनाल्डो ने कहा कि वह शायद अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच रहे हैं। रोनाल्डो ने 'वोग' को दिए इंटरव्यू में कहा, यह शायद फुटबॉल में मेरा आखिरी साल है। मैं एक शानदार विरासत छोड़ना चाहता हूं।

पिछले साल नवंबर में, पांच बार 'बैलोन डी'ओर' जीतने वाले रोनाल्डो ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि वह 'एक या दो साल' और खेलेंगे। महानतम फुटबॉलर ने इस बात पर जोर दिया था कि साल 2026 में वह अपना आखिरी फीफा वर्ल्ड कप खेलेंगे। पिछले महीने स्पेन के खिलाफ 'राउंड ऑफ 16' में हार ने पुर्तगाल का सफर समाप्त कर दिया था। हालांकि, उस समय रोनाल्डो ने रिटायरमेंट की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई थी, लेकिन उनकी हालिया बातों से संकेत मिलता है कि उनके खेलने के करियर का अंत अब काफी करीब हो सकता है। रोनाल्डो ने फुटबॉल के बाद की अपनी जिंदगी के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। वह अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने और फुटबॉल के अलावा अपने अन्य शौक पूरे करने के लिए उत्सुक हैं।

## भारत के आयुष शेट्टी ने दुनिया के नंबर-1 बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर रचा इतिहास, PV सिंधु भी जीतीं

नई दिल्ली (आरएनएस) भारत की राजधानी दिल्ली में शुरू हुई बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले ही दिन एक ऐसा बड़ा उलटफेर देखने को मिला है, जिसने खेल जगत को पूरी तरह से चौंका दिया है। भारत के उभरते हुए युवा बैडमिंटन स्टार आयुष शेट्टी ने अपने असाधारण खेल से इतिहास रचते हुए वर्ल्ड चैंपियन और दुनिया के नंबर-1 चीनी खिलाड़ी शी यू ची को टूर्नामेंट के पहले ही राउंड में बाहर का रास्ता दिखा दिया है। दुनिया के 22वें नंबर के भारतीय शटलर की इस ऐतिहासिक और अविश्वसनीय जीत से पूरे स्टेडियम और देश में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**रोमांचक मुकाबले में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी को दी करारी मात**

नई दिल्ली के ऐतिहासिक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सोमवार से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ। मेंस सिंगल्स के पहले राउंड में आयुष शेट्टी के सामने चीन के दिग्गज और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 शी यू ची की बेहद कठिन चुनौती थी। लेकिन भारतीय युवा स्टार ने बिना किसी दबाव के कोर्ट पर अपना दबदबा दिखाया। आयुष ने इस बेहद रोमांचक मुकाबले को 21-14, 13-21 और तीसरे निर्णायक गेम में शानदार जीत दर्ज करते हुए अपने नाम कर लिया। इस करारी हार के साथ ही चीनी चैंपियन का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया है और भारतीय



स्टार ने दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है।

**जूनियर से लेकर सीनियर तक, आयुष शेट्टी का शानदार सफर**

आयुष शेट्टी लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले साल 2023 की वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी खास पहचान बनाई थी। इसके बाद उन्हें सबसे बड़ी कामयाबी साल 2025 के यूएस ओपन में मिली थी, जहां उन्होंने फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम किया था।

अपनी इसी लय को बरकरार रखते हुए आयुष ने 2026 की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन किया था और सिल्वर मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। भारत की दिग्गज महिला शटलर और दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। वर्ल्ड नंबर-9 सिंधु ने विमेंस सिंगल्स के अपने पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल को महज 29 मिनट चले एकतरफा मुकाबले में 21-7, 21-11 से करारी शिकस्त दी। सिंधु ने पहले गेम में शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए 8-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी और 21 साल की सोफिया को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। हालांकि दूसरे गेम में 141वीं रैंकिंग वाली नोबल ने थोड़ा बेहतर खेल दिखाया और ब्रेक तक वह सिंधु से सिर्फ 3 अंक ही पीछे थीं, लेकिन भारतीय दिग्गज ने अनुभव का फायदा उठाते हुए अगले 13 में से 10 अंक झटक कर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। अब दूसरे राउंड में पीवी सिंधु का सामना कनाडा की वेन यू झांग से होगा।

## रवींद्र जडेजा 4,000 रन और 350 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे ऑलराउंडर बने



गाले, (ए)। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 4,000 से अधिक रन और 350 विकेट हासिल करने वाले दुनिया के केवल चौथे ऑलराउंडर बन गए। जडेजा के अब 4095 रन हो गए हैं, और विकेट 350 हैं।

श्रीलंका की पहली पारी में जडेजा ने धनंजय डी सिल्वा, सोनल दिनुशा और केशरा नुवान्था के विकेट हासिल किए। इससे उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 350 पहुंच गई। जडेजा ने इससे पहले भारतीय पारी में 13 रन बनाए थे। जडेजा से पहले यह उपलब्धि भारत के कपिल देव, इंग्लैंड के इयान बॉथम और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी हासिल कर चुके हैं। इन चारों में जडेजा ऐसे एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 100 से कम टेस्ट मैचों में यह मुकाम हासिल किया है।

## ऋषिकेश के अर्धशतक और प्रीतिश के चार विकेट से चराईदेव सनराइजर्स की जीत

गुवाहाटी (ए)। चराईदेव सनराइजर्स ने सोमवार को गुवाहाटी के एसीए स्टेडियम में खेले गए असम प्रीमियर लीग 2026 के 33वें मुकाबले में नगांव रेंजर्स को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चराईदेव सनराइजर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद ऋषिकेश तामुली ने 47 गेंदों में 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को संभाला। उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। सौम्या कांति पॉल ने 31, रिषभ दीपक ने 27 और तेज खान ने 21 रन बनाए।

## रोनाल्डो और जॉर्जिना की शादी की पहली झलक आई सामने



नई दिल्ली (आरएनएस)। दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनकी लंबे समय से पार्टनर रहीं जॉर्जिना रोड्रिगेज आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए हैं। अपनी निजी जिंदगी को हमेशा सुर्खियों से दूर रखने वाले इस स्टार कपल की शादी की पहली तस्वीरें अब फैशन मैगजीन Vogue के जरिए सामने आई हैं। तस्वीरों में शादी के बेहद निजी और खास पलों की झलक देखने को मिली है। रोनाल्डो और जॉर्जिना ने 11 अगस्त को पुर्तगाल के कास्केस स्थित अपने घर पर बेहद सादगीपूर्ण समारोह में शादी की। खास बात यह रही कि शादी की तारीख दोनों की पहली मुलाकात की 10वीं सालगिरह भी थी। दोनों की पहली मुलाकात मैड्रिड के एक गुच्ची स्टोर में हुई थी, जहां उस समय जॉर्जिना सेल्स असिस्टेंट के तौर पर काम करती थीं।

**कभी भव्य शादी का सपना देखती थीं जॉर्जिना**

जॉर्जिना ने Vogue को दिए इंटरव्यू में बताया कि बचपन में उन्होंने अपनी शादी को बेहद भव्य अंदाज में करने का सपना देखा था। वह बड़े महल, शानदार बग्घी, लंबी शादी की पोशाक और हीरों से सजे मुकुट की कल्पना करती थीं।हालांकि, समय के साथ उनकी प्राथमिकताएं बदल गईं। जॉर्जिना के मुताबिक अब वह अपने पार्टनर और बच्चों के साथ घर में ही एक निजी और अंतरंग समारोह चाहती थीं। उनका मानना है कि आलीशान घर, द्वीप, घोड़े और महंगी कारें उनके जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन परिवार के साथ निजी समय उनके लिए कहीं अधिक खास और दुर्लभ है।

**पांचों बच्चे बने शादी के गवाह**

शादी समारोह बेहद छोटा रखा गया था। 11 अगस्त को दोपहर करीब 1:30 बजे हुए इस समारोह में रोनाल्डो और जॉर्जिना के पांचों बच्चे मौजूद रहे। इसके अलावा केवल चार करीबी गवाहों को आमंत्रित किया गया था।

इनमें रोनाल्डो के लंबे समय से दोस्त मिगुएल पैशो, जॉर्जिना की बहन इवाना रोड्रिगेज तथा उनके दोस्त जोस रोड्रिगेज सांगिल और मोनिका गोंजालेज मार्टिनेज शामिल थे। शादी की पुष्टि खुद रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अंगूठियां पहने हुए दोनों की तस्वीर साझा कर की थी।

# नागदेवता के तीनों नागदेवता के मंदिरों में दिन भर लगा रहा तांता

## नागपंचमी का पर्व भक्ति भाव के साथ मना, पूजन अर्चन में लगे रहे श्रद्धालु



नर्मदापुरम(निप्र.)। नागपंचमी का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। शहर में नर्मदा तट के तीनों प्रमुख नागदेवता के मंदिर नागचंद्रेश्वर मंदिर कोठीबाजार व जगदीश मंदिर के पास नागेश्वर मंदिर और काले महादेव मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। स्व. पंडित प्रकाश चौरे के द्वारा बनाई गई परंपरा के तहत नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर के द्वार रात 12 बजे के बाद खोले गए। जो 24 घंटे के बाद 365 दिन के लिए रात में 12 बजे बंद किए गए। मंदिर की व्यवस्थापक प्रणीता चौरे ने बताया कि उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर नर्मदा तट के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की तीसरी मंजिल की गुंबद पर बने प्रदेश के दूसरे नागचंद्रेश्वर मंदिर और काले महादेव मंदिर ऊपरी तल पर स्थित नागचंद्रेश्वर के द्वार वर्ष में एक बार नागपंचमी को ही 24 घंटे के लिए खोले गए। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मुख्य प्रबंधक श्रीमती पुष्पा चौरे ने बताया कि रात में 12 बजे द्वार खोल कर साफ-सफाई की गई सुबह के समय पूजन अभिषेक किया गया। उसके बाद दर्शन करने वालों का क्रम शुरू हो गया। रात में भगवान नागेश्वर जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नागचंद्रेश्वर मंदिर में स्थापित 12 नाग नागिन के जोड़ों का पूजन अर्चन अभिषेक के बाद सिंदूर से श्रृंगार करने के उपरांत आरती की गई। उसके बाद रात में 12 बजे एक वर्ष के लिए पट बंद कर दिए गए। यहां पर उज्जैन के महाकालेश्वर महादेव मंदिर की तर्ज पर साल भर में सिर्फ एक ही दिन द्वार खुलते हैं। दूसरी और सेठानी घाट के नाग मंदिर और काले महादेव मंदिर में भी पुजारी के द्वारा पूजन की गई। उसके बाद पट बंद कर दिए गए। लोगों ने शिवमंदिरों में भी श्रावण सोमवार को पहुंच कर पूजन अर्चन की। दूसरी ओर नागपंचमी का पर्व आज घरों घर भक्ति भाव से मनाया गया। घरों में ही नागदेवता की पूजन की गई। मंदिर के पुजारी सुबह मंदिर के पुजारियों और व्यवस्थापकों के अलावा श्रद्धालुओं के द्वारा पूजन अर्चन व दर्शन किए जा रहे थे।

### घरों में ही हुई विधि विधान से पूजन

नागपंचमी के अवसर पर परंपरागत रूप से शहर के अधिकांश श्रद्धालुओं ने अपने घरों में नागपंचमी पर नारियल की नरेली जलाकर उसकी राख में दूध मिला कर उससे दीवार पर नाग की आकृति उकेर कर नाग की पूजन विधिविधान से की। नागपंचमी के मौके पर शहर में अनेक घरों में महारूद्राभिषेक के साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। सुबह से ही नागपंचमी के पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। पूर्व वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत कई लोगों के घरों में चूल्हे पर तवा नहीं रखकर पूड़ी या दाल बाटी बनाई कर नागदेवता को भोग लगाया।

पहले नागपंचमी पर गली मोहल्ले में सपेरे नाग पंचमी पर नाग लेकर आते थे। बीते वर्ष तक चुपके से नाग लेकर गली में घूमते देखे गए। यहां तक कि कुछ महिलाएं भी नाग नागिन लेकर घूमती रहीं हैं। लेकिन इस बार एक भी सपेरा नाग लेकर नहीं आया। इसी प्रकार नागपंचमी पर अखाडों में कुश्ती का आयोजन होता था जो  इस बार नहीं हुआ।

## पाणिनि ज्ञानपीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम



नर्मदापुरम (निप्र.)। पाणिनि ज्ञानपीठ सांगाखेड़ा कलां में 80 वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश पांडे व नर्मदापुरम संगीत जगत के ख्यातनाम तबलावादक  आनंद नामदेव उपस्थित हुए। ध्वजारोहण उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के नौनिहालों द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम का स्वरबद्ध गायन मुक्त कंठ से सराहा गया। सामुहिक देशभक्ति गीतों ब नृत्यों ने उपस्थित पालकों को झूलने पर विवश कर दिया। धाराप्रवाह भाषणों में देशप्रेम हिलोरे ले रहा था। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान्न वितरण हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय संचालक सुश्री प्रतीक्षा पांडे ने सभी सम्मानित पालक गणों व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पेंशनर पाइंट के वरिष्ठजनों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस

### ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से गाया राष्ट्रीय गान



नर्मदापुरम (निप्र.)। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर अनेक क्षेत्रों में श्रद्धाभाव के साथ तिरंगा ध्वज फहराया गया। इसी क्रम में अंकिता नगर में स्थित पेंशनर पांइट के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी श्याम दुबे के संयोजन में बीते अनेक वर्षों की तरह राष्ट्रीय पर्व स्वतंतत्रा दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। खासकर के युवाओं ने इस राष्ट्रीय पर्व पर विशेष उत्साह दिखाया। व्यवस्था करने में अनेक युवाओं ने योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम में मोहल्ले के अनेक नागरिक शामिल रहे। श्री दुबे ने बताया कि पेंशनर पांइट पर बीते 6 वर्षों से राष्ट्रीय पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी याद किया जाता है।

## ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2026-27 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता

### विषय रहेगा एक चिट्ठी धरती मॉ के नाम, प्रकृति की रक्षा मेरा वादा

नर्मदापुरम(निप्र.)। भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2026.27 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन  किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय एक चिट्ठी धरती मॉ के नामः प्रकृति की रक्षा मेरा वादा निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है जिसमें अठारह वर्ष तक तथा अठारह वर्ष के अधिक की दो श्रेणियाँ रखी गई है। इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र अधिकतम 500 शब्दों में एवं लिफाफा अधिकतम 1000 शब्दों में की दो उप श्रेणियाँ रखी गई हैं। हस्त लिखित पत्र हिन्दी अंग्रेजी में  प्रवर अधीक्षक डाकघर नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम .461001 कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा हाथों.हाथ भेजा जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के संबंध में स्व हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा की दिनांक 01-01-2026 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम अधिक है। मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उप श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रो को क्रमशः रु 25000. रु 10000 एवं रु 5000 से पुरस्कृत किया जाएगा एवं चयनित पत्रों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा।

## जनसंवाद शिविर से पूर्व शिकायतों एवं राजस्व आदेशों का निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**मूंग उपार्जन केंद्रों पर अधिकारी स्वयं पहुंच कर करें सघन निगरानी**

**नॉन एफएक्यू उपज अथवा पुरानी मूंग उपर्जन में बिक्री पर की जाएगी दंडात्मक कार्यवाही**



नर्मदापुरम (निप्र)। समय-अवधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पचमढ़ी से ऑनलाइन जुड़कर जिले के समस्त विभागों के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, जनसंवाद शिविर, मूंग उपार्जन, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आगामी शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनसंवाद शिविर से पूर्व लंबित राजस्व आदेशों की तामील कराकर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में राजस्व आदेशों की तामील से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, क्षेत्र में साफ-सफाई, नगरीय क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण से संबंधित शिकायतों का भी शुक्रवार से पूर्व निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान प्रारंभ होने के उपरांत शुक्रवार 21 अगस्त को नगरीय क्षेत्र में पहली बार जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम, सीएमओ माखननगर सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर के लिए चिन्हित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण शिविर से पूर्व ही सुनिश्चित किया जाए।

## नाग कन्या मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### दर्शन करने से वर्ष भर नाग कन्या देवी जहरीले जीव जंतुओं से करती है रक्षा

सिवनी मालवा। डोलरिया(निप्र.)। सिवनी मालवा के बानापुरा रेलवे स्टेशन पर 100 वर्ष से भी अधिक पुराना नाग कन्या देवी का मंदिर था। जोकि पहले स्टेशन के बिल्कुल सामने था जिसे रेलवे स्टेशन के उन्नयन होने के चलते अब रेलवे विभाग ने मंदिर को रेलवे के पुराने क्वाटर के पास मंदिर बना कर शिफ्ट कर दिया है। यहां पर प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के तहत मंदिर में पूजन  अर्चन की गई। जिसमें अनेक परिवार के लोगों के द्वारा पूजन अर्चन की गई। बताया जाता है कि यहां मंदिर में विराजमान नाग कन्या देवी के दर्शन करने से वर्ष भर नाग कन्या देवी जहरीले जीव जंतुओं से रक्षा करती है। अनेक परिवार के लोग मंदिर में शामिल हुए। दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई

नर्मदापुरम (निप्र.)। कलेक्टर सोमेश



मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 03 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जप्त की गई हैं। संयुक्त कार्रवाई के दौरान ग्राम मरोड़ा में रेत का अवैध खनन कर परिवहन करते पाए जाने पर 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गई। जप्त वाहन को पुलिस थाना रामपुर गुर्रा की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार नर्मदापुरम शहर में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 02 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जप्त की गईं। दोनों वाहनों को पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया है। जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मानसून की प्रतिबंधित अवधि में रेत का अवैध उत्खनन किए जाने के मामले में संबंधितों के विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज किए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान खनि निरीक्षक बसंत पाटिल, प्रभारी खनि निरीक्षक कृष्णकांत परस्ते, थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।











**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम**
**दूरभाष क्रमांक 07574-253119 Email Address-eephedhos@mp.nic.in**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना::**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 31.08.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529606_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 12/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529660_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 13/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529680_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 14/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529695_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 15/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529733_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube Well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos.in various Villages/Habitations of All District Narmadapuram | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 16/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529743_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube Well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-08 Nos.in various Villages/Habitations of All District Narmadapuram | 956000/- | 19120/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 17/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529751_1 | Drilling of 350/150mm dia Combination Tube Wells (350/150mm dia graval packed + 150mm dia ordinary) 120 m deep- Including Installation of Handpums - 05 Nos. In various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram | 654000/- | 13080/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 18/26-27 Date 14-08-2026 | 2026_PHED_ 529776_1 | Drilling of 350/150mm dia Combination Tube Wells (350/150mm dia graval packed + 150mm dia ordinary) 120 m deep- Including Installation of Handpums - 05 Nos. In various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram | 654000/- | 13080/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |

जी/17208/26

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com